
DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



8 बार जीता नेशनल फिल्म अवॉर्ड

# निशांत.... नहीं रहे श्याम बेनेगल

■ निशांत, मंथन, जुबैदा जैसी फिल्मों के रचनाकार ने 90 साल की उम्र में ली आखिरी सांस

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे सफल निर्देशकों में से एक श्याम बेनेगल ने सोमवार को मुंबई में अंतिम सांस ली। उन्होंने भारतीय सिनेमा को एक नई दिशा दी। उन्होंने अपने सिनेमा में यथार्थ का पुट जोड़ा। समाज के हाशिये पर पड़े लोगों की जिंदगी को रूपहले पर्दे पर उतारा। उनके नाम सबसे ज्यादा नेशनल अवॉर्ड जीतने का रिकॉर्ड है, लेकिन शायद उनके लिए इन पुरस्कारों से भी बड़ी उपलब्धि थी, दूरदर्शन के लिए बनाया गया उनका धारावाहिक- 'भारत एक खोज।' अगर इस धारावाहिक को अब तक किसी भी किताब का भारतीय टीवी पर सबसे बेहतरीन रूपांतरण में से एक का दर्जा दिया जाए तो यह अतिशयोक्ति नहीं होगा। देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की किताब 'डिस्कवरी ऑफ इंडिया' पर आधारित 'भारत एक खोज' के जरिए श्याम बेनेगल ने भारतीय समाज को इतिहास की अमिट यात्रा कराई, जिसकी छाप आज भी लोगों के जेहन में है।

### आज होगा अंतिम संस्कार

उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को किया जाएगा। उनकी बेटी पिया बेनेगल ने बताया, 'वे लंबे समय से किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे।' दो साल पहले उनकी दोनों किडनी खराब हो गई थीं। उसके बाद से उनका डायलिसिस के साथ इलाज चल रहा था।

## भुजबल कर सकते हैं सियासी खेल



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र में एनसीपी के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल के अगले सियासी कदम को लेकर अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। छगन भुजबल ने सोमवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की, जिसके बाद यह चर्चा तेज हो गई है कि भुजबल भाजपा में शामिल हो सकते हैं। महाराष्ट्र में महायुति की बड़ी जीत के बाद भुजबल को उम्मीद थी कि उन्हें कैबिनेट मंत्री का पद मिलेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने आरोप लगाया कि फडणवीस उन्हें अपनी सरकार में शामिल करना चाहते थे, मगर एनसीपी नेता अजित पवार की वजह से ऐसा नहीं हो सका। भुजबल के समर्थक अब उन्हें भाजपा में शामिल होने की सलाह दे रहे हैं।

# महायुति सरकार पर सीएम फडणवीस का रहेगा पूरा कंट्रोल

▸▸ **महायुति के सभी मंत्रियों को निजी सचिवों की नियुक्ति के लिए फडणवीस से लेनी होगी मंजूरी**

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महायुति सरकार को वापस आए एक महीना हो गया है। मंत्रियों को हिसाब-किताब बांटे जाने के बाद अब सरकार पूरी तरह से काम करने में जुट गई है। राज्य में भले ही महायुति की सरकार है, लेकिन धीरे-धीरे यह साफ होता जा रहा है कि इस सरकार पर पूरा कंट्रोल मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का ही रहेगा। अगर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार की पार्टी के मंत्री निजी सचिवों की नियुक्ति करना चाहते हैं तो उन्हें मुख्यमंत्री फडणवीस से मंजूरी लेनी होगी। मुख्यमंत्री कार्यालय की मंजूरी के बिना निजी सचिवों की नियुक्ति करने पर उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए गए हैं।



### क्यों जारी हुआ ऐसा आदेश?

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मंजूरी के बाद ही मंत्रियों के निजी सचिवों, निजी सहायकों, विशेष कार्यकारी अधिकारियों की नियुक्ति के आदेश दिए गए हैं। बीजेपी, शिवसेना और एनसीपी के महायुति के मंत्री कार्यालय के कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए फडणवीस की अनुमति जरूरी होगी। चर्चा है कि यह आदेश विवादित अधिकारियों को दूर रखने की मंशा से जारी किया गया है।

### फडणवीस पहले भी जारी कर चुके हैं ऐसा आदेश

विभागों के बंटवारे के बाद निजी सचिव, निजी सहायक, विशेष कार्यकारी अधिकारी पद के लिए कई अधिकारी और कर्मचारी मैदान में उतर गए थे। मुख्यमंत्री के आदेश के चलते इन सभी को हिदायत दी गई है। 2014 में फडणवीस के मुख्यमंत्री बनने के बाद भी उन्होंने ऐसा ही आदेश जारी किया था। उस समय भी बीजेपी के मंत्रियों को कार्यालय में कर्मचारियों और अधिकारियों की नियुक्ति के लिए अनुमति लेने को कहा गया था।

### आदेश न मानने पर जारी नहीं होगा वेतन

एकनाथ शिंदे, अजित पवार की ओर से शिवसेना, एनसीपी मंत्रियों के खास सचिवों की सूची सामान्य प्रशासन विभाग को भेजी जाएगी। इस विभाग से सूचियां मुख्यमंत्री कार्यालय तक जाएंगी। उनकी मंजूरी के बाद ही नियुक्तियां की जाएंगी। यदि मुख्यमंत्री की अनुमति के बिना नियुक्ति की जाती है, तो उन कर्मचारियों और अधिकारियों का वेतन रिलीज नहीं किया जाएगा। यह खबर दैनिक लोकसत्ता ने सूत्रों के हवाले से दी है। शिवसेना और एनसीपी के कुछ मंत्रियों ने कहा कि अभी तक ऐसा कोई आदेश नहीं मिला है। उन्होंने कहा है कि हम निजी सचिवों और अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति करते समय एकनाथ शिंदे और अजित पवार से मंजूरी लेंगे।

# केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र को दी सौगात

▸▸ **प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए जाएंगे 20 लाख नए आवास**



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

केंद्र सरकार ने सोमवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत महाराष्ट्र को बड़ी सौगात दी है। इस योजना के तहत राज्य में 20 लाख नए मकानों को मंजूरी दी गई है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त करते हुए ट्विटर पर लिखा, 'प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत महाराष्ट्र के लिए 20 लाख नए मकानों को मंजूरी देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का धन्यवाद।'

### केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का बयान

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस संबंध में एक पत्र जारी किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत भारत सरकार 1 अप्रैल, 2016 से सभी के लिए आवास प्रदान करने के उद्देश्य से काम कर रही है। शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि 9 अगस्त 2024 को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस योजना के तहत 2 करोड़ अतिरिक्त घरों के निर्माण के लिए मंजूरी दी गई। योजना को मार्च 2029 तक पांच साल और जारी रखने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान महाराष्ट्र को वित्त वर्ष 2024-25 में 6,37,089 घरों का आवंटन किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान महाराष्ट्र को 13,29,678 अतिरिक्त घरों का लक्ष्य दिया गया है। यह प्रधानमंत्री आवास योजना की सफलता और सरकार की ग्रामीण क्षेत्रों में आवास उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



# बॉस से शारीरिक संबंध बनाने से इंकार करने पर पत्नी को तलाक

**कल्याण में सामने आया चौंकाने वाला मामला**

डीबीडी संवाददाता | कल्याण



कल्याण में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने अपनी पत्नी को तीन तलाक दे दिया, क्योंकि उसने पति के बॉस के साथ शारीरिक संबंध बनाने से इनकार कर दिया था। घटना ने पूरे इलाके में हलचल मचा दी है और समाज के लिए यह एक गंभीर संकेत बनकर उभरी है। बाजारपेठ पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### शादी के बाद परेशान करने लगा था पति

जानकारी के अनुसार, छत्रपति संभाजी नगर निवासी एक युवती की शादी जनवरी 2014 में कल्याण पश्चिम के सर्वोदय पार्क इलाके के सोहेल शेख से हुई थी। शादी के दो-तीन महीने बाद ही सोहेल ने पत्नी को परेशान करना शुरू कर दिया। उसने पत्नी से कहा कि पहली पत्नी को 15 लाख रुपये देने होंगे और दूसरी पत्नी से वह 15 लाख रुपये लाकर दे ताकि वह अपनी पहली पत्नी से छुटकारा पा सके।

### ऑफिस पार्टी में बॉस के साथ शारीरिक संबंध बनाने को कहा

इसके बाद, सोहेल ने पत्नी से कहा कि उसे ऑफिस पार्टी में शामिल होना होगा और पार्टी में अपने बॉस के साथ शारीरिक संबंध बनाने होंगे। पत्नी ने इस प्रस्ताव से साफ इनकार कर दिया और सोहेल से कहा कि उसे ऐसा करने के लिए मजबूर न किया जाए। इससे नाराज होकर सोहेल ने पत्नी की पिटाई की और उसे तीन तलाक दे दिया। पत्नी ने इस घटना की शिकायत कल्याण के बाजारपेठ थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने सॉफ्टवेयर इंजीनियर सोहेल शेख के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और घटना की गहन जांच शुरू कर दी है। इस घटना के बाद से कल्याण की हाई प्रोफाइल सोसायटी में खलबली मच गई है।

# डोंबिवली के बाद अब भिवंडी में 1 महिला समेत 8 बांग्लादेशी पकड़ाए

**अवैध रूप से रहने के जुर्म में पुलिस ने किया गिरफ्तार**

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे जिले में अवैध रूप से रहने के बांग्लादेशियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने अवैध रूप से रहने के आरोप में बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने एक महिला समेत आठ बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि एक गुप्त सूचना तथा शिकायत के आधार पर शनिवार और रविवार को भिवंडी शहर के काल्हेर और कोनगांव में छापेमारी की गई।



### डोंबिवली में भी पुलिस का एक्शन

डोंबिवली पुलिस ने कल्याण के एनजीओ आई फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेश दाखिनकर की सूचना पर कार्रवाई की थी। डोंबिवली की मानपाड़ा पुलिस ने बिना वैध दस्तावेजों के भारत आए और डोंबिवली में रह रहे छह बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक महिला भी शामिल है। पुलिस के अनुसार ये सभी लगभग 15 दिन पहले बांग्लादेश से आए थे और इनमें से कुछ कपड़ा कंपनी में काम कर रहे थे। मानपाड़ा पुलिस ने इन्हें अपनी हिरासत में लेकर बांग्लादेश वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि ये लोग फर्जी पहचान पत्रों और दस्तावेजों के सहारे भारत आए और डोंबिवली में रह रहे थे।

### पुलिस ने मामला किया दर्ज

पुलिस ने बताया कि इनमें से तीन कबाड़ बेचने का, दो मजदूर के तौर, एक राजमिस्त्री के तौर पर और एक अन्य प्लंबर के तौर पर काम करता है। अधिकारी ने बताया कि सभी के खिलाफ विदेशी नागरिक अधिनियम तथा भारतीय पासपोर्ट अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### दिल्ली में 175 अवैध बांग्लादेशी गिरफ्तार

आपको बताते चले कि रविवार को दिल्ली में पुलिस की कार्रवाई के चलते 175 अवैध बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया गया था। इसके अलावा रविवार को ही डोंबिवली में भी पुलिस ने बांग्लादेशियों के खिलाफ एक्शन लिया था।

# बॉम्बे हाईकोर्ट ने नाबालिग से दुराचार के मामले में एक व्यक्ति को दी जमानत

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



बॉम्बे हाई कोर्ट ने नाबालिग से दुराचार के मामले में एक व्यक्ति को जमानत दी। अदालत ने पाया कि संबंध सहमति से बने थे। रिकॉर्ड में ऐसा कोई सबूत नहीं है, जिससे यह साबित हो सके कि पीड़िता उस समय नाबालिग थी। न्यायमूर्ति आर.एन.लड्ढा की एकलपीठ के समक्ष आकाश उतम वावलकर की दायर जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। पीठ ने कहा कि रिकॉर्ड देखने पर ऐसा लगता है कि याचिकाकर्ता और पीड़िता दोनों सहमति से संबंध में थे। उनका रिश्ता अक्टूबर 2023 से जुलाई 2024 तक चला। आरोप है कि शादी का झांसा देकर याचिकाकर्ता ने पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाए। बाद में वह उससे शादी करने से मुकर गया। उस समय पीड़िता 17 साल और 9 महीने की थी। याचिकाकर्ता के वकील निशी संघवी ने कहा कि दोनों ने सहमति से संबंध बनाए थे और रिकॉर्ड में ऐसा कुछ भी नहीं है, जिससे पता चले कि संबंधित समय पर पीड़िता नाबालिग थी। इस मामले में जांच पूरी हो चुकी है। याचिकाकर्ता के पास से कुछ भी बरामद नहीं किया जाना है। वह इस अदालत द्वारा लगाई गई शर्तों का पालन करने के लिए तैयार है, जिसमें मेडिकल जांच भी शामिल है। सरकारी वकील हर्षदा मोरे ने कहा कि याचिकाकर्ता ने शादी का झूठा वादा करके नाबालिग पीड़िता के साथ यौन संबंध बनाए। यह अपराध गंभीर है। याचिकाकर्ता की मेडिकल जांच को छोड़कर जांच पूरी हो चुकी है। पीठ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद याचिकाकर्ता को जमानत दे दी।

# मंत्री पंकजा मुंडे को मिला आलीशान रामटेक बंगला

**राजस्व मंत्री को देने के बाद बदला आवंटन**

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

प्रदेश की महायुति सरकार ने मंत्रियों और राज्य मंत्रियों को बंगला आवंटित कर दिया है। राज्य की पर्यवारण व जलवायु परिवर्तन मंत्री पंकजा मुंडे भले ही नई महायुति सरकार में वजनदार विभाग हासिल नहीं कर पाई हैं लेकिन वह आलीशान सरकारी बंगला रामटेक को हासिल करने में काममयाब रही हैं। सरकार ने पहले रामटेक बंगला प्रदेश के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले को आवंटित किया था। लेकिन देर शाम बावनकुले को रामटेक के बजाय चित्रकुट बंगला देने का फैसला लिया है। वहीं प्रदेश के विपन मंत्री को चित्रकुट के बदले पर्णकुटी बंगला दिया गया है। सोमवार को राज्य के सामान्य प्रशासन विभाग ने मंत्रियों को बंगला उपलब्ध कराने के संबंध में शासनादेश जारी किया है। विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को शिवगीरी और विधान परिषद के सभापति राम शिंदे को ज्ञानेश्वरी बंगला दिया गया है। पुरानी शिंदे सरकार के अधिकांश मंत्रियों ने पुराने बंगले को पसंद किया है। सरकार ने वरिष्ठ मंत्रियों को दक्षिण मुंबई मलबार हिल और मंत्रालय के सामने स्थित बंगला आवंटित किया है। जबकि नए मंत्रियों को सरकारी इमारत में फ्लैट दिए गए हैं।



### गोपीनाथ को भी मिला था रामटेक

समुद्र किनारे स्थित रामटेक बंगले में पंकजा के पिता तथा पूर्व उपमुख्यमंत्री गोपीनाथ मुंडे भी रह चुके हैं। गोपीनाथ युति सरकार के समय साल 1995 में रामटेक बंगले में रहते थे। माना जा रहा है कि इसलिए पंकजा ने भी रामटेक बंगले को पसंद किया है। रामटेक सरकारी बंगले में प्रदेश के दिग्गज नेता शरद पवार, गोपीनाथ मुंडे, छगन भुजबल, एकनाथ खडसे समेत अन्य नेताओं को आवंटित हुआ था। पूर्व की महायुति सरकार में तत्कालीन स्कूली शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर को रामटेक बंगला दिया गया था। लेकिन केसरकर से पहले रामटेक में रहने वाले खडसे, भुजबल, मुंडे और पवार किसी ने किसी विवाद में फंस चुके हैं। भुजबल और खडसे को मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था।

# बीकेसी कनेक्टिविटी के लिए सिग्नल-मुक्त सड़क का शुभारंभ

## ईस्टर्न एक्सप्रेसवे से बीकेसी तक आवागमन हुआ तेज और सुविधाजनक

दीपक पवार | मुंबई

मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने बीकेसी में यातायात की भीड़ को कम करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। बीकेसी कनेक्टर और एवेन्यू-3 (वेवर्क) के माध्यम से सेबी बिल्डिंग को एवेन्यू-5 से जोड़ने वाली 180 मीटर लंबी सिग्नल-मुक्त सड़क का आज उद्घाटन किया गया। यह सड़क महज 3.5 महीने में पूरी हुई, जो निर्धारित समय से आधी अवधि में संपन्न हुई। एमएमआरडीए का दावा है कि यह सड़क बीकेसी वन जंक्शन और बीकेसी कनेक्टर जंक्शन पर यातायात की भीड़ को कम करने में अहम भूमिका निभाएगी।



### सड़क के लाभ और कनेक्टिविटी में सुधार

इस नई सड़क के उद्घाटन से ईस्टर्न एक्सप्रेसवे से बीकेसी आने वाले यात्रियों के लिए तीन वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध हो गए हैं। इससे यातायात की गति में सुधार होगा और यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। अब पूर्वी उपनगरों से बीकेसी केवल 15 मिनट में पहुंचा जा सकता है। सड़क के उद्घाटन के मौके पर एमएमआरडीए के संयुक्त आयुक्त राधाबिनोद शर्मा, भापरासा और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (यातायात) अनिल कुंभारे मौजूद थे। एमएमआरडीए के महानगर आयुक्त डॉ. संजय मुखर्जी ने कहा, 'यह नई सड़क बीकेसी को अधिक सुलभ और यात्रियों के अनुकूल बनाने के हमारे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### नई सड़क की मुख्य विशेषताएं

- सिग्नल-मुक्त कनेक्टिविटी: 180 मीटर लंबी, छह-लेन (3+3) सड़क सिग्नल-मुक्त यातायात प्रवाह की गारंटी देती है, जो यात्रियों का समय बचाती है और सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करती है।
- यातायात का उचित वितरण: यातायात को बीकेसी कनेक्टर, ईएच और आंतरिक मार्गों द्वारा तीन भागों में विभाजित किया गया है, जिससे भीड़भाड़ कम होती है और प्रवाह में तेजी आती है।
- बेहतर उपलब्धता: यह नई सड़क एनएसई के साथ-साथ बीकेसी में एमसीए क्लब, वाणिज्य दूतावास और एमटीएनएल जैसे महत्वपूर्ण स्थानों से आने और जाने वाले यातायात को सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करती है।

# मनपा द्वारा शून्य कचरा अभियान शुरू

## 1 जनवरी से वार्ड-18 में अभियान की शुरुआत

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

उल्हासनगर मनपा आयुक्त विकास ढाकने के मार्गदर्शन में वार्ड क्रमांक-18 की पूर्व नगरसेविका अंजलि साल्वे की पहल पर ₹जीरो कचरा वार्ड अठारहऱ अभियान की शुरुआत की गई है। यह अभियान 1 जनवरी 2025 से वार्ड में लागू किया जाएगा, जिसका उद्देश्य कचरे का उचित प्रबंधन और पृथक्करण करना है।



### अधिकारियों और नागरिकों की मौजूदगी में आयोजन

इस अवसर पर उल्हासनगर मनपा के प्रभाग अधिकारी गणेश शिम्पी, स्वास्थ्य विभाग अधिकारी मनीष हिवरे, उपायुक्त मयूरी कदम और अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। इसके साथ ही वार्ड-18 के सिटीजन फाउंडेशन के सदस्य, महिलाएं, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सेविकाएं और अन्य नागरिक भी इस आयोजन में शामिल हुए।

### कचरे का निस्तारण और खाद बनाने की योजना

मोर मैडम ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कचरे को वर्गीकृत करने और घर पर ही कचरे का निपटान करने के उपायों पर मार्गदर्शन दिया। मिशन जीरो गारबेज प्रोजेक्ट के तहत मनपा और कोणार्क के कर्मचारी कचरे की योजना तैयार करेंगे। गीले कचरे को पीट्स में खाद बनाने के लिए डाला जाएगा, जबकि सूखे कचरे को अलग किया जाएगा। इस पहल से 80 से 90 प्रतिशत कचरे का निस्तारण किया जाएगा।

### संगोष्ठी में कचरे के निपटान के तरीके पर चर्चा

अभियान की शुरुआत के तहत आज वार्ड-18 के काली माता मंदिर में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें महिला स्वयं सहायता समूह की आशा कार्यकर्ताओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, नागरिकों और उल्हासनगर मनपा के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। संगोष्ठी में गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण और भारत में जीरो वेस्ट मिशन के सफल कार्यान्वयन पर चर्चा की गई।

### स्कूलों में भी लागू किया जाएगा शून्य कचरा मिशन

इस अभियान का उद्देश्य स्कूलों में भी शून्य कचरा मिशन लागू करना है, ताकि इस मिशन की सफलता के बाद इसे अन्य वार्डों में भी फैलाया जा सके। उल्हासनगर के डंपिंग ग्राउंड में कचरे की अधिकता को देखते हुए इस अभियान से कचरे का निस्तारण होने की उम्मीद है।

# व्यवसायी को लगा 15 करोड़ से अधिक का चूना

**सोने के निवेश पर तगड़े रिटर्न का वादा**

**EOW ने शुरू की जांच**

डीबीडी संवाददाता | पालघर

महाराष्ट्र के पालघर में एक व्यवसायी के साथ कथित तौर पर 15.10 करोड़ रुपए के सोने की ठगी का मामला सामने आया है। व्यवसायी की शिकायत के बाद मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है। व्यवसायी ने आरोप लगाया कि हुन्नार गोल्ड्स, जिस कंपनी पर उसने 20 किलो कच्चा शुद्ध सोना देने का भरोसा किया था, ने अपने समझौते की शर्तों का उल्लंघन किया और समझौते के अनुसार सोना भी वापस नहीं लिया, जिसके बाद अंबोली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की।



### उच्च रिटर्न का दिया झांसा

अंबोली पुलिस स्टेशन के पीआई देवकरे ने बताया, 'शिकायत के अनुसार उन्होंने 13 अगस्त 2013 को हुन्नार गोल्ड्स के साथ 20 किलोग्राम कच्चा, शुद्ध सोना जमा किया, जिसके तहत कंपनी को सोने के उत्पादों के लिए विशेष बिक्री अधिकार दिए गए थे। इस समझौते में व्यवसायी को बिक्री पर 2% लाभ या 400 रुपए प्रति ग्राम सोना जो भी अधिक हो, देने का वादा किया गया था। साथ ही इस शर्त के साथ कि शर्तों का उल्लंघन होने पर 4 महीने के भीतर 20 किलोग्राम सोना वापस कर दिया जाएगा। शिकायतकर्ता के अनुसार, निवेश पर उच्च रिटर्न के वादों से जुड़ी एक सुनियोजित योजना के तहत उन्हें ठगा गया था।' पीआई देवकरे ने कहा, 'हुन्नार गोल्ड्स के तेजस सोनी के रूप में पहचाने गए आरोपी ने कथित तौर पर समझौते की शर्तों का उल्लंघन किया। शिकायतकर्ता द्वारा बार-बार याद दिलाने के बावजूद, तेजस सोनी कथित तौर पर सोना और वादा किए गए मुनाफे को वापस देने में विफल रहा। सोने का वर्तमान मूल्य, अन्य संबंधित घाटे के साथ, 15.10 करोड़ रुपए है।'

### कंपनी के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज

उन्होंने कहा, 'हुन्नार गोल्ड के तेजस सोनी के खिलाफ आईपीसी की धारा 409 (आपराधिक विश्वासघात) और 420 (धोखाधड़ी और बेईमानी से संपत्ति की डिलीवरी के लिए प्रेरित करना) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। चूंकि सोना 2013 में जमा किया गया था, इसलिए एफआईआर बीएनएस के बजाय आईपीसी की धाराओं के साथ दर्ज की गई है। मामले को आगे की जांच के लिए ईओडब्ल्यू ने अपने हाथ में ले लिया है।'

# बॉम्बे हाई कोर्ट ने मां की माफी को किया स्वीकार

## भविष्य में न्यायाधीश से सीधे संपर्क करने की दी हिदायत

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक मां की माफी को स्वीकार कर लिया, जिसने अपनी 6 वर्षीय बेटी की कस्टडी के मामले में न्यायमूर्ति एम.एम. सथाये को व्हाट्सएप पर संदेश भेजा था। अदालत ने महिला को भविष्य में किसी न्यायाधीश से सीधे संपर्क करने की कोशिश नहीं करने की हिदायत दी और कहा कि यह न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने का प्रयास था।

### मां ने दी थी स्पष्टीकरण

महिला ने अदालत से माफी मांगते हुए कहा कि वह भावनात्मक रूप से तनावग्रस्त थी और उस समय खुद को असहाय महसूस कर रही थी। अपनी बेटी के लिए चिंता और हताशा के कारण उसने व्हाट्सएप पर सीधे न्यायमूर्ति सथाये से संपर्क करने की कोशिश की थी।



### कस्टडी विवाद और न्यायालय की टिप्पणी

महिला ने अपने पति से बेटी की कस्टडी छिनने के लिए जिला अदालत के आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। जिला अदालत ने मां को मुलाकात का अधिकार दिया और वीडियो कॉल के लिए निर्देश जारी किए थे। जब न्यायमूर्ति सथाये ने 29 नवंबर को जिला अदालत का आदेश बदलने से इनकार किया, तो महिला ने न्यायाधीश को व्हाट्सएप पर संदेश भेजा। इस पर न्यायाधीश ने उसका नंबर ब्लॉक कर दिया, लेकिन महिला ने फिर से एक अलग नंबर से संदेश भेजे। अदालत ने महिला के इस आचरण को न्यायालय की अवमानना मानते हुए कहा कि यह प्रयास न्यायपालिका के कार्य में हस्तक्षेप करने और न्यायाधीश को प्रभावित करने का था

**हत्या प्रकरण**

# कोर्ट ने एक साथ 10 आरोपियों को किया बरी

**8 साल चला केस**

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे में एक अदालत ने हत्या के मामले में एक साथ 10 आरोपियों को रिहा कर दिया है। अदालत ने हत्या के लगभग आठ साल पुराने मामले में यह कहते हुए 10 आरोपियों को बरी कर दिया है कि जांच एजेंसी ने गंभीर गलती की या उसे गवाहों द्वारा ''गुमराह'' किया गया था। बरी किए गए आरोपियों के खिलाफ हत्या और दंगा करने का आरोप लगाया गया था। साथ ही उन पर महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के कड़े प्रावधानों के तहत मामला भी दर्ज किया गया था।



### 56 पन्नों का फैसला सुनाया

मकोका विशेष अदालत के न्यायाधीश अमित एम शेटे ने सात साल से भी अधिक समय तक चली इस सुनवाई के बाद 19 दिसंबर को पारित 56-पन्नों का फैसला दिया। इसमें उन्होंने कहा कि अभियोजन पक्ष और गवाह आरोपियों के खिलाफ हत्या के गंभीर अपराध को साबित नहीं कर पाए है। इस आदेश की एक प्रति सोमवार को उपलब्ध कराई गई। अभियोजन पक्ष के मुताबिक, ठाणे जिले के नापोली इलाके में एक मंदिर के पास 24 अक्टूबर 2016 को एक स्थानीय सुरक्षा व्यवसाय संचालक रंजीत उर्फ बंटी पर चाकुओं से हमला किया गया था और बाद में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया था। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि आरोपी ने एक साजिश के तहत अक्षय नंदा के साथ मिलकर रंजीत पर हमला किया और उनकी सोने की चेन तथा अंगूठियां लूट लीं।

### अपराध नहीं हुआ साबित

इस बयान पर बचाव पक्ष के वकीलों ने इन आरोपों का विरोध किया। अदालत ने इकबालिया बयानों में दिख रही विसंगतियों पर भी गौर किया, जिसके बारे में आरोपियों ने दावा किया कि उन पर दबाव बनाया गया। अदालत ने कहा, 'रिकॉर्ड पर मौजूद सभी साक्ष्य की समीक्षा की जाए तो चश्मदीद गवाहों के बयान और मकसद के बारे में उचित संदेह प्रतीत होता है। अभियोजन पक्ष और गवाह सभी उचित संदेह से परे हत्या के गंभीर अपराध को साबित नहीं कर पाए।' अदालत ने कहा, 'रिकॉर्ड पर मौजूद सभी सबूतों से पता चलता है कि जांच एजेंसी ने गंभीर गलती की या एजेंसी को गवाहों द्वारा गुमराह किया गया।' इसने कहा कि अभियोजन पक्ष और गवाह 'अपने आप को सही साबित नहीं कर पाए', जिससे उचित संदेह पैदा होता है और आरोपी इसके लाभ के हकदार हैं।

### रिहा हुए 10 आरोपी

जिन लोगों को बरी किया गया उनमें अक्षय नंदा उर्फ नंदू पाटिल (36), रोहित रवि पाटिल (35), अनिल (33), अजिंक्य उर्फ अज्जू विजय जाधव (33), अभिषेक गंगाधर निंबोलकर (36), अनिल उर्फ बबलू शिवाजी शेलार (34), सचिन सोपन वाडकर (44), ऋषिकेश रामदास पाटिल (34), भरत खंडू पाटिल (36) और रुपेश राजेश खण्डागले (46) शामिल हैं।

# महाविकास आघाड़ी का गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ जोरदार आंदोलन

**बाबासाहेब अंबेडकर के अपमान पर विरोध प्रदर्शन**

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान, जिसमें उन्होंने कहा था कि ₹आंबेडकर... आंबेडकर एक फैशन बन गया है, को लेकर महाविकास आघाड़ी ने ठाणे स्टेशन पर जोरदार आंदोलन किया। इस विरोध प्रदर्शन में राकांपा महासचिव और विधायक डॉ. जितेंद्र आव्हाड, शिवसेना नेता राजन विचारे, कांग्रेस, आम आदमी पार्टी (आप), समाजवादी पार्टी (सपा), और अन्य दलों के नेताओं ने भाग लिया।



### अंबेडकर के नाम पर जुनून का ऐलान

डॉ. जितेंद्र आव्हाड ने कहा, बाबासाहेब अंबेडकर का नाम हमारे लिए जुनून है। उनकी वजह से हमें इंसान की तरह जीने का अधिकार मिला। उन्होंने हमें नर्क से स्वर्ग दिखाया। अमित शाह का बयान बीजेपी के असली मंसूबों को दिखाता है। 1950 में उनके मातृसंगठन ने संविधान का विरोध किया था, और आज भी वे इसे दिल से स्वीकार नहीं करते।

### आंदोलनकारियों की नारेबाजी

विरोध प्रदर्शन के दौरान आंदोलनकारियों ने जोरदार नारे लगाए, जिनमें तड़ीपार तो तड़ीपार, त्याला काय समजणार घटनाकार, संविधान हमारा अभिमान है, और अमित शाह मुर्दाबाद जैसे नारे गूंजे।

### कार्यकर्ताओं की बड़ी उपस्थिति

इस विरोध में राकांपा जिला अध्यक्ष सुहास देसाई, कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश पाटिल, कांग्रेस जिला अध्यक्ष विक्रांत चव्हाण, शिवसेना जिला प्रमुख केदार दिघे, और अन्य नेता एवं सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। महाविकास आघाड़ी ने अमित शाह के बयान को संविधान और अंबेडकर की विचारधारा के खिलाफ बताया और कहा कि संविधान की रक्षा के लिए वे ऐसे बयानों का हर स्तर पर विरोध करते रहेंगे।

विभाग बंटवारा

# अब महायुति सरकार में संरक्षक मंत्री बनने की होड़

## तीनों दलों के मंत्रियों ने किया दावा

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र की महायुति सरकार में शनिवार को विभागों का बंटवारा हो गया, और अब कई मंत्री अपने जिले के संरक्षक मंत्री बनने की होड़ में हैं। विशेषकर बीड, छत्रपति संभाजीनगर, रायगढ़, नासिक, और सतारा जिलों में इस पद के लिए दावेदारी तेज हो गई है।



### मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम की दुविधा

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के लिए इन दावों को संतुलित करना चुनौतीपूर्ण हो गया है। छत्रपति संभाजीनगर में शिवसेना शिंदे गुट के संजय शिरसाट और बीजेपी नेता अतुल सावे के बीच संरक्षक मंत्री पद को लेकर दावेदारी है।

### बीड और रायगढ़ का हाल

बीड जिले के संरक्षक मंत्री पद के लिए बीड के मंत्री धनंजय मुंडे और पंकजा मुंडे के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। रायगढ़ जिले के लिए भी दावेदार हैं, जहां भरत गोगावले और महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे पद के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

### बीजेपी -एनसीपी के बीच जुबानी जंग की संभावना

पुणे जिले का संरक्षक मंत्री पद भी चर्चा का विषय बन गया है, जहां उपमुख्यमंत्री अजित पवार और चंद्रकांत पाटिल के बीच दावेदारी को लेकर जुबानी जंग हो सकती है।

### सतारा में तीव्र हो रही दावेदारी

सतारा में चार कैबिनेट मंत्रियों के बीच संरक्षक मंत्री पद की जंग है। शिवेंद्रसिंह राजे और शंभूराज देसाई के बीच प्रमुख प्रतिस्पर्धा देखी जा रही है, जिससे तीनों दलों के बीच राजनीतिक उलझन बढ़ सकती है।

उद्धव-राज ठाकरे की मुलाकात


# इसमें कुछ राजनीतिक नहीं: संजय राउत

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और उनके चचेरे भाई और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) के प्रमुख राज ठाकरे एक शादी समारोह में एक साथ दिखे। वे मुंबई में अपने भांजे की शादी में पहुंचे थे। राज ठाकरे की बड़ी बहन जयवंती देशपांडे के बेटे यश देशपांडे की शादी में उद्धव ठाकरे के साथ उनके परिवार के सदस्य भी मौजूद थे। राजनीतिक रूप से अलग थलग पड़े दोनों भाइयों को साथ देखकर महाराष्ट्र की राजनीति में चर्चा तेज हो गई है। इसे देखते हुए शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने उद्धव और राज ठाकरे के बीच राजनीतिक पुनर्मिलन का सुझाव देना जल्दबाजी है।

संजय राउत ने पत्रकारों से कहा, ₹महाराष्ट्र का ठाकरे परिवार से गहरा लगाव है। अगर उद्धव और राज एकसाथ आते हैं तो महाराष्ट्र खुशहाल हो जाएगा। राज ठाकरे एक अलग पार्टी के प्रमुख हैं। उनके आदर्श प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह और देवेंद्र फडणवीस हैं। हमारे लिए वे महाराष्ट्र के दुश्मन हैं।

### राजनीतिक पुनर्मिलन की अटकलों को किया खारिज



दोनों चचेरे भाइयों के बीच राजनीतिक पुनर्मिलन की अटकलों को खारिज करते हुए संजय राउत ने कहा कि उद्धव और राज ठाकरे परिवार के सदस्य हैं। उन्होंने आगे कहा, ₹राकांपा प्रमुख अजित पवार भी अपने चाचा शरद पवार से मिलते हैं। राकांपा-एसपी नेता रोहित पवार भी अजित पवार से मिलते हैं। पंकजा मुंडे और उनके चचेरे भाई धनंजय मुंडे अलग अलग पार्टी के सदस्य हैं। पूर्व मुख्यमंत्री नारायण राणे के बेटे भी अलग-अलग पार्टी से हैं।₹ संजय राउत ने कहा, ₹पारिवारिक आयोजनों में उद्धव और राज ठाकरे की मुलाकातों को राजनीतिक तौर से देखना जल्दबाजी होगी।₹ दादर में आयोजित समारोह में राज और उद्धव ठाकरे अपने परिवार के साथ शामिल हुए थे। उद्धव ठाकरे के बड़े भाई जयदेव ठाकरे की पूर्व पत्नी स्मिता ठाकरे भी इस समारोह में नजर आईं।




# कैब ड्राइवर की हत्या

## घर में घुसकर पत्नी के सामने चाकुओं से गोदा

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के गोवंडी-शिवाजी नगर इलाके में एक हैरान करने वाली हत्या का मामला सामने आया है। जहां दो आरोपियों ने एक कैब ड्राइवर की उसकी पत्नी के सामने चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी।

### घटना की जानकारी

मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार रात को हुई, जब आरोपियों ने आदिल तालीम खान (38) की उसके घर में घुसकर हत्या कर दी। दोनों आरोपियों की पहचान अब्दुल करीम शेख उर्फ दादू और शरीफ अब्बास अली शेख उर्फ पप्पू के रूप में हुई है। इस दौरान कैब ड्राइवर की पत्नी भी घर में मौजूद थी।

### हत्या का कारण

अधिकारी के मुताबिक, हत्या की वजह कैब ड्राइवर और एक आरोपी की मां के बीच झगड़ा था। कैब ड्राइवर ने आरोपी की मां को टक्कर मार दी थी, जिससे आरोपी नाराज हो गया। जानकारी मिलने के बाद आरोपी अपने दोस्त के साथ कैब ड्राइवर के घर पहुंचा और हत्या कर फरार हो गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को रविवार को गिरफ्तार कर लिया और हत्या सहित अन्य अपराधों के तहत मामला दर्ज किया है।

# कार कारोबार में पार्टनरशिप के नाम पर महिला से धोखाधड़ी




## उसके नाम पर लोन लेकर चार लोग गायब

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के बांद्रा इलाके में एक चौंकाने वाला धोखाधड़ी मामला सामने आया है, जिसमें चार लोगों ने एक महिला से धोखा देकर उसके नाम पर कर्ज लिया और उसका भुगतान नहीं किया। मामले में 1.17 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का खुलासा हुआ है।

### धोखाधड़ी का तरीका

बीकेसी पुलिस ने राहुल शाह, आकाश मुसले, टेरेसा स्टीफन और निहार चौधरी के खिलाफ धोखाधड़ी और हेराफेरी का मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता विजया अंकुटकर को पिछले साल सितंबर में राहुल और आकाश ने अपने कार व्यवसाय में निवेश करने के लिए राजी किया और उसे आकर्षक रिटर्न का वादा किया। इस विश्वास को जीतने के लिए उन्होंने विजया के निजी दस्तावेज़ लिए और उनका उपयोग करके विभिन्न बैंकों से 1.17 करोड़ रुपये का ऋण लिया।

### कर्ज का दुरुपयोग

हालांकि, आरोपियों ने कार खरीदने की बजाय इस कर्ज की राशि को अपने व्यक्तिगत खातों में ट्रांसफर कर लिया और निजी खर्चों के लिए इस्तेमाल किया। न तो उन्होंने पैसे का व्यवसाय में उपयोग किया और न ही ईएमआई का भुगतान किया, जिससे विजया आर्थिक संकट में फंस गई।

### पुलिस कार्रवाई

जब बैंकों ने बकाया ईएमआई के लिए विजया से संपर्क किया, तो उसने आरोपियों से संपर्क किया लेकिन उन्हें सिर्फ टालमटोल वाले जवाब मिले। ठगी का एहसास होने पर विजया ने बीकेसी थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने सभी चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एनआईए ने मुंबई से जतिंदर सिंह को किया गिरफ्तार

**मुंबई।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को खालिस्तानी आतंकवादी लखबीर सिंह उर्फ लांडा और गैंगस्टर बचितर सिंह उर्फ पवित्र बटाला के एक प्रमुख सहयोगी जतिंदर सिंह उर्फ ज्योति को मुंबई से गिरफ्तार किया। जतिंदर सिंह पंजाब के गुरदासपुर जिले का निवासी है और वह जुलाई 2024 से फरार था, जब से एनआईए ने हथियार आपूर्तिकर्ता बलजीत सिंह उर्फ राणा भाई को गिरफ्तार किया था। एनआईए ने बताया कि जतिंदर सिंह प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के विदेश स्थित लांडा द्वारा गठित आतंकवादी गिरोह का सदस्य था और लांडा के करीबी सहयोगी बटाला का सहयोगी भी था। वह पंजाब के लांडा और बटाला के गुर्गों को हथियारों की आपूर्ति करता था।



### हथियारों की तस्करी का खुलासा

जांच के दौरान यह पता चला कि जतिंदर सिंह मध्य प्रदेश के सप्लायर बलजीत सिंह उर्फ राणा भाई से हथियार खरीद रहा था। उसने मध्य प्रदेश से 10 पिस्तौल पंजाब में लाकर लांडा और बटाला के गुर्गों को दी थीं। एनआईए के तलाशी अभियानों के कारण जतिंदर की योजना और हथियारों की तस्करी की गतिविधियां विफल हो गई थीं।

### लखबीर सिंह लांडा का आतंकवादी कनेक्शन

केंद्र सरकार ने लखबीर सिंह लांडा को यूएपीए के तहत आतंकवादी घोषित किया है। वह 2021 में मोहाली में पंजाब पुलिस खुफिया मुख्यालय पर रॉकेट हमले समेत अन्य आतंकवादी गतिविधियों में शामिल था। लांडा 2017 में कनाडा भाग गया था और बीकेआई के सदस्य के रूप में उसकी पहचान की गई है।

# कार ने मां को मारी टक्कर

## विवाद के बाद ड्राइवर के घर पहुंचे बेटे, पीट-पीटकर ले ली जान

डीबीडी संवाददाता | गोवंडी

गोवंडी इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। एक मामूली सड़क दुर्घटना ने खूनी मोड़ ले लिया, जिसमें दो भाइयों ने घर में घुसकर ड्राइवर की बेरहमी से हत्या कर दी। घटना बीते शनिवार रात की है। गोवंडी के शिवाजी नगर इलाके के बैगनवाड़ी निवासी 35 वर्षीय आदिल खान अपनी कार से घर लौट रहे थे। रास्ते में उनकी कार ने सड़क किनारे खड़ी एक बाइक को टक्कर मार दी। इस टक्कर के कारण बाइक पास खड़ी एक महिला पर जा गिरी, जिससे महिला को मामूली चोटें आईं। इस घटना के बाद महिला और आदिल के बीच कहासुनी हुई। हालांकि, यह बहस मौके पर ही खत्म हो गई और आदिल अपने घर लौट गए, लेकिन मामला यहीं शांत नहीं हुआ। महिला ने यह घटना अपने बेटों को बताई, जिससे वे गुस्से में आगबबूला हो गए। रात को महिला के दोनों बेटे आदिल के घर पहुंचे। वहां उन्होंने पहले आदिल से बहस की, फिर गुस्से में आकर चाकू से उस पर कई वार किए। इस हमले में आदिल गंभीर रूप से घायल हो गया। परिवार के लोग तुरंत आदिल को गोवंडी के शताब्दी अस्पताल लेकर गए। हालांकि, गंभीर चोट के कारण इलाज शुरू होने से पहले ही आदिल की मौत हो गई।




### पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

शिवाजी नगर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि यह पूरी घटना एक मामूली सड़क दुर्घटना से शुरू हुई थी, जो बाद में हिंसक झगड़े और हत्या तक पहुंच गई। मुंबई में बढ़ती आपराधिक घटनाएं और छोटी-छोटी बातों पर बढ़ता गुस्सा समाज के लिए एक गंभीर समस्या बन चुका है।

### समाज के लिए सबक

इस घटना ने दिखाया कि कैसे गुस्से और आवेश में लिए गए फैसले जीवन को बर्बाद कर सकते हैं। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि ऐसी घटनाओं में संयम बनाए रखें और कानून को अपने हाथ में न लें। इस हादसे ने न केवल एक निर्दोष व्यक्ति की जान ले ली, बल्कि दो युवकों को हत्या जैसे गंभीर अपराध का दोषी बना दिया।

# कबाड़ के गोदाम में आग लगी

**मुंबई।** मुंबई के मानखुर्द इलाके में सोमवार शाम एक कबाड़ के गोदाम में आग लग गई। यह घटना झुग्गी-झोपड़ी वाले इलाके के पास हुई। अधिकारियों के मुताबिक, आग शाम करीब सात बजे मंडला इलाके में अयप्पा मंदिर के पास स्थित गोदाम में लगी थी।

मुंबई नगर निगम के एक अधिकारी ने बताया कि इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। दमकल विभाग ने आग पर काबू पाने के लिए चार गाड़ियों और अन्य वाहनों को घटनास्थल पर भेजा। मुंबई पुलिस और नगर निगम के कर्मचारी भी मौके पर तैनात हैं और स्थिति को नियंत्रण में लाने के प्रयास में जुटे हुए हैं।

**Change Of Name**

I, JC. 573104M NB/SUB BABAN YASHWANT SALVI PRESENTLY RESIDING AT VILLAGE KOKARI PO. ACHLOLI TAL. MAHAD, DIST. RAIGAD, STATE MAHARASHTRA I HAVE CHANGED MY DAUGHTERS NAME FROM KHUSI BABAN SALVI TO KHUSHI BABAN SALVI AS PER AFFIDAVIT

# जाना था गोवा पहुंच गई कल्याण

## रास्ता ही भटक गई वंदे भारत एक्सप्रेस

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

भारत की लग्जरी ट्रेनों में से एक और एडवांस टैक्नोलॉजी से लैस वंदे भारत एक्सप्रेस को लेकर एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल (सीएसएमटी)-मडगांव वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन टेक्निकल ग्लिच की वजह से अपने रास्ते से भटक गई। जिस वजह से यह ट्रेन अपने निर्धारित समय से 90 मिनट की देरी से पहुंची।



### तकनीकी खराबी के कारण हुई घटना

रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, यह ट्रेन महाराष्ट्र के ठाणे जिले के दीवा स्टेशन पर तकनीकी खराबी के कारण सोमवार सुबह अपने निर्धारित मार्ग से भटक गई। कोंकण जाने वाली ट्रेनों द्वारा इस्तेमाल किये जाने वाला दिवा-पनवेल रेलवे मार्ग पर पनवेल स्टेशन की ओर बढ़ने के बजाय एक्सप्रेस ट्रेन सुबह छह बजकर 10 मिनट पर कल्याण की ओर मुड़ गई। इस घटना के कारण मध्य रेलवे पर मुंबई की लोकल ट्रेन सेवाओं में भी देरी हुई।

### पनवेल के लिए जाती हैं ट्रेनें

मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल नीला ने बताया कि यह घटना दिवा जंक्शन पर डाउन फास्ट लाइन और पांचवीं लाइन के बीच पॉइंट नंबर 103 पर सिग्नलिंग और कम्यूनिकेशन सिस्टम में गड़बड़ी के कारण हुई। दिवा जंक्शन से कोंकण की ओर जाने वाली ट्रेनें नियमित मार्ग पर पनवेल स्टेशन जाती हैं। अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन अपने निर्धारित मार्ग से भटक गई, जिसके बाद वह कल्याण स्टेशन पहुंची और दिवा जंक्शन पर वापस लौटी, जिसके बाद उसने दिवा-पनवेल मार्ग पर मडगांव के लिए अपनी आगे की यात्रा फिर से शुरू की।

### वापस लाया गया दिवा

मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वप्निल नीला ने बताया कि ट्रेन को सुबह छह बजकर 10 मिनट से पौने सात बजे तक लगभग 35 मिनट के लिए दिवा जंक्शन पर रोका गया, उसके बाद रेल कल्याण की ओर रवाना हुई। उन्होंने बताया, ₹ट्रेन पांचवीं लाइन से होते हुए लगभग सात बजकर चार मिनट पर कल्याण स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर छह पर पहुंची। इसे सात बजकर 13 मिनट पर छठी लाइन से होते हुए दिवा स्टेशन पर वापस लाया गया। जून 2023 में शुरू की गई सीएसएमटी-मडगांव वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल से सुबह पांच बजकर 25 मिनट पर रवाना होती है और उसी दिन दोपहर एक बजकर 10 मिनट पर गोवा के मडगांव पहुंचती है।

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि ऑटोमेटिक सिग्नलिंग सिस्टम पर ऐसी घटनाएं बहुत कम होती हैं।

### बहुत रेयर होती हैं इस तरह की घटनाएं

अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन पांचवीं लाइन से होते हुए लगभग सात बजकर चार मिनट पर कल्याण स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर छह पर पहुंची और इसे सात बजकर 13 मिनट पर छठी लाइन से होते हुए दिवा स्टेशन पर वापस लाया गया। अधिकारियों के मुताबिक जून 2023 में इस सीएसएमटी-मडगांव शुरू लाइन पर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को शुरू किया गया था।

निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक यह ट्रेन मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल से सुबह पांच बजकर 25 मिनट पर रवाना होती है और उसी दिन दोपहर एक बजकर 10 मिनट पर गोवा के मडगांव पहुंचती है।

अधिकारियों के मुताबिक मुंबई उपनगरीय स्वचालित सिग्नलिंग प्रणाली काफी मजबूत है। इसलिए यहां ऐसी घटनाएं बहुत रेयर होती हैं।

**पश्चिम रेलवे**

**विभिन्न कार्य**

उत्पादन अभियंता, ईएमयू कार्यशाला, महालक्ष्मी, मुंबई - 400013, द्वारा **निविदा सूचना क्र. : ईएल90-एमएक्स-2024-25-05-एम-आर, दिनांक: 18.12.2024** आमंत्रित की जाती है. **कार्य का नाम और स्थान :** ईएमयू कार्यशाला, महालक्ष्मी में कार्य के विस्तार की संभावना के अनुसार, ईएमयू/एमईएमयू कोचेस पर स्टेनलेस-स्टील बॉडी साइड विंडो प्रोटेक्टिव ग्रिल्स, स्टेनलेस स्टील स्क्वैटिंग पैन, वॉल प्रोटेक्टर्स और वॉश बेसिन का बफिंग कार्य. **अनुमानित लागत :** ₹ 44,58,537.76/- **ईएमडी :** ₹ 89,200/- **ई-निविदा आनलाइन जमा करने और खुलने हेतु अंतिम तिथि एवं समय : 09.01.2025 को 14:00 बजे और 09.01.2025 को 14:30 बजे.** अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. **0862**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे - अहमदाबाद डिवीजन**

**इंजीनियरिंग कार्य**

**ई-निविदा सूचना सं : 18 वर्ष 2024-25 दिनांक: 13.12.2024 ई-निविदा सं :** DYCE-BR-ADI-15-2024-25 **कार्य का नाम :** भावनगर डिवीजन के वरिष्ठ अनुभाग इंजीनियर (पुल) जूनागढ़ और राजकोट डिवीजन के वरिष्ठ अनुभाग इंजीनियर (पुल) राजकोट के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत "राजकोट-वेरावल सेक्शन में पुल संख्या 27 (ओपन वेब गर्डर) 11X30.5 मीटर का पुनर्वास और साइड पाथवे प्रदान करना(शेष कार्य)"। **अनुमानित एनआईटी लागत :** 42407816.66 **बोली सुरक्षा लागत/ईएमडी :** 362000.00 **ई-निविदा की अंतिम तिथि एवं समय :** दिनांक 07.01.2025 समय 15:00 बजे **कार्यालय पता :** उप मुख्य अभियंता (पुल) अहमदाबाद, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर, गुजरात कैंसर सोसायटी अस्पताल के सामने, असरवा, नरोदा रोड, अमदुपुरा, अहमदाबाद, गुजरात 380016। **ई-निविदा में भाग लेने के लिए वेबसाइट :** www.ireps.gov.in **273**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



संपादकीय

# पारदर्शी हो लोकतंत्र

हाल ही में केंद्र सरकार ने चुनाव नियमों में बदलाव करते हुए सीसीटीवी कैमरा,वेबकास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे कतिपय इलेक्ट्रानिक दस्तावेजों के सार्वजनिक निरीक्षण पर रोक लगा दी है। केंद्र सरकार का कहना है कि चुनाव आयोग की सिफारिश पर यह कदम उठाया गया। चुनाव संचालन नियम 1961 के नियम 93 में यह संशोधन किया गया। दलील दी गई कि इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों का दुरुपयोग रोकने के लिये यह कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव संबंधी रिकॉर्ड को सार्वजनिक करने के लिये वकील महमूद प्राचा ने पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका डाली थी। जिसके बाद हाईकोर्ट ने चुनाव आयोग को हरियाणा विधानसभा चुनाव से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की प्रतियां याचिकाकर्ता को उपलब्ध कराने को कहा था। दरअसल, प्राचा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान चुनाव संचालन से संबधित वीडियोग्राफी, सीसीटीवी कैमरा फुटेज और फॉर्म 17-सी की प्रतियों की मांग याचिका के जरिये की थी। हालांकि, चुनाव एजेंट की नियुक्ति, नामांकन फार्म, परिणाम व चुनाव खाता विवरण जैसे दस्तावेजों का उल्लेख चुनाव संचालन नियमों में किया गया है। मगर दूसरी ओर आदर्श आचार संहिता अवधि के दौरान सीसीटीवी कैमरा फुटेज, वेबकास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज इसके दायरे में नहीं आते। सरकार के द्वारा हालिया संशोधन इस बात की पुष्टि करता है कि केवल नियमों में उल्लेखित कागजात ही सार्वजनिक निरीक्षण के लिये उपलब्ध हो सकेंगे। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर पारदर्शिता की अवहेलना का आरोप लगाया है। साथ ही सरकार के फैसले को चुनौती देने की बात कही है। दरअसल, चुनाव आयोग के अधिकारियों का कहना है कि मतदान केंद्रों के अंदर सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के दुरुपयोग से मतदान की गोपनीयता प्रभावित हो सकती है। दलील दी गई है कि इस फुटेज का इस्तेमाल एआई का उपयोग करके फर्जी विमर्श गढ़ने के लिये किया जा सकता है। लेकिन सवाल यह है कि लोकतांत्रिक शुचिता के लिये पारदर्शिता को क्यों नजरअंदाज किया जाना चाहिए। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की जीवंतता इसी बात में है कि नागरिकों के सूचना अधिकार का अतिक्रमण किसी भी तरह से न हो सके। निस्संदेह, इस चिंता से इनकार नहीं किया जा सकता है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जरिये तथ्यों से खिलवाड़ संभव है। बहुत संभव है अपनी सुविधा के लिये कतिपय राजनीतिक दल नये विमर्श गढ़ सकें। लेकिन इसके बावजूद आम नागरिकों को उस चुनावी प्रक्रिया को जानने का हक है जिसके जरिये सरकार बनती है। निस्संदेह, किसी भी लोकतंत्र की विश्वसनीयता उसकी पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया पर निर्भर करती है। कतिपय सुरक्षा चिंताओं के नाम पर पारदर्शिता का अतिक्रमण नहीं किया जा सकता। वहीं दूसरी ओर विपक्ष की मांगों को भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। सजग-सतर्क विपक्ष लोकतंत्र की सफलता के लिये अनिवार्य शर्त भी है। ऐसे में एआई के खतरे के नाम पर हर सूचना के अधिकार पर पहरा नहीं बैठाया जा सकता। वहीं ऐसे निर्णयों में विपक्ष की भागीदारी जरूरी है ताकि सत्तारूढ़ दल पर निरंकुश व्यवहार का आरोप न लग सके।

# वैश्विक व्यापार में अपनी जगह तलाशता भारत

भारत अपनी मुद्रा के अमेरिकी डॉलर के मुकाबले निरंतर गिरावट को लेकर चिंतित है। इस समस्या से निपटने के लिए ब्रिक्स सम्मेलन में प्रस्तावित किया गया कि तीसरी दुनिया के देशों और रूस के साथ व्यापार अपनी-अपनी मुद्राओं में किया जाए या डॉलर के बजाय एक वैकल्पिक मुद्रा का उपयोग किया जाए। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि डॉलर के मुकाबले वैकल्पिक मुद्रा की कोशिशों पर सौ प्रतिशत टैरिफ बढ़ा दिया जाएगा, जिससे व्यापार प्रभावित हो सकता है। फिलहाल, भारत को अपनी आयात-आधारित अर्थव्यवस्था को बदलकर निर्यात-आधारित अर्थव्यवस्था में रूपांतरित करने की आवश्यकता है, और निवेश आकर्षित करने के लिए सख्त कदम उठाने की जरूरत है, ताकि वैश्विक निवेशक भारत की ओर आकर्षित हो सकें।

अमेरिका वैश्विक व्यापार में बहुत बड़ी हिस्सेदारी रखता है, जबकि भारत की हिस्सेदारी केवल 1 प्रतिशत है। भारत को अधिकांश सामान जैसे कच्चा तेल और फार्मा उद्योग के लिए आवश्यक सामग्री आयात करनी पड़ती है। दरअसल, हम अमेरिका और चीन पर अत्यधिक निर्भर हैं, हालांकि चीन के उत्पादों के निर्यात कम करने की कोशिशों के बावजूद व्यापारिक निर्भरता कम नहीं हुई है। भारत को आत्मनिर्भर बनकर आयात को कम करने और निर्यात बढ़ाने की दिशा में जल्दी कदम उठाने की आवश्यकता है, लेकिन पिछले साल निर्यात वृद्धि बहुत कम रही और आयात की निर्भरता बनी रही।

भारत ने आशा व्यक्त की थी कि कोविड महामारी के बाद चीन की कमजोर स्थिति के चलते वह विदेशी निवेश को आकर्षित कर सकेगा। ट्रम्प ने चीन से आयात पर अतिरिक्त शुल्क बढ़ाने की घोषणा की थी, और कनाडा, मैक्सिको से भी आयात पर शुल्क लगाया गया था, जबकि हाल ही में चेतावनी को छोड़ दें तो भारत के विरुद्ध इतने बड़े स्तर पर ऐसा कदम शायद ही उठाया गया हो।

चीन के आर्थिक संकट में निवेशक वहां पैसा लगाने से हतोत्साहित हो रहे हैं, जिससे 'चीन प्लस वन' रणनीति को लागू करने की बात की जाती रही है, ताकि भारत एक आकर्षक निवेश स्थल बने। हालांकि, नीति आयोग का कहना है कि इसमें सीमित सफलता मिली है। इसके मुकाबले, वियतनाम, थाईलैंड, कंबोडिया और मलेशिया को अधिक लाभ हुआ क्योंकि वहां सस्ता श्रम, सरल कर कानून,



सुरेश सेठ

कम शुल्क और तेज़ मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। भारत के लिए बेहतर यह हो सकता है कि वह वैश्विक व्यापार में अपने स्थान को मजबूत करे, लेकिन नौकरशाही, लालफीताशाही और भ्रष्टाचार इसके मार्ग में रुकावट डाल रहे हैं। अनुसंधान और नवाचार की कमी, साथ ही एफटीए समझौतों में असफलता, भारत को अन्य देशों की तरह सफलता दिलाने में विफल रही। जबकि अमेरिका ने चीनी वस्तुओं पर सख्त शुल्क लगा दिए, बहुराष्ट्रीय कंपनियां चीन के विकल्प की तलाश कर में रहीं, लेकिन यह अवसर भारत में नहीं आ सका। इसके परिणामस्वरूप, व्यापार में श्रम सघन क्षेत्रों में भारत की हिस्सेदारी घट गई और कृषि उत्पादों में प्रतिस्पर्धा नहीं बढ़ पाई। बासमती चावल का पेटेंट हमारे पास होने के बावजूद, पाकिस्तान ने उसकी नकल कर ली। किसानों को निर्यात प्रोत्साहन नहीं मिल सका क्योंकि सरकार की अनुदान नीति के कारण अनाज की कीमतें बढ़ने नहीं दी गईं। भारत अपने निर्माण और विनिर्माण क्षेत्र में प्रगति करने में अग्रणी देशों के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं कर सका। उच्च लागत, गिरते मुद्रा मूल्य और सस्ते निर्यात के कारण उत्पादकों को घाटा हो रहा है, जिससे स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया। नीति आयोग ने चीन प्लस वन रणनीति की सीमित सफलता को स्वीकार किया है। हालांकि, पहले चीन में निवेश से बचकर व्यापार विविधता की आवश्यकता उत्पन्न हुई थी, भारत इस अवसर को अभी तक पूरी तरह से भुना नहीं सका। नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक ने भी कहा कि ट्रम्प की घोषणाएं भारत के लिए एक बड़ा अवसर हैं।

अगर अब भारत खुद को सही तरीके से तैयार करता है, तो यहां एक बड़ा आर्थिक उछाल आ सकता है, क्योंकि भारत का वैश्विक व्यापारिक चेहरा बदलने वाला है। अमेरिका, जो भारत का बड़ा व्यापारिक साझेदार है, के साथ संबंध मजबूत हो रहे हैं। रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने भी भारत की 'वोकल फॉर लोकल' नीति की सराहना की है और यहां निवेश बढ़ाने की घोषणा की है। हालांकि, विदेश मंत्री एस. जयशंकर का कहना है कि सिर्फ निवेश बढ़ाना पर्याप्त नहीं है, रूस को भारतीय उत्पादों के लिए अपने बाजार भी खोलने चाहिए। यदि निर्यात बढ़ाने की दिशा में कदम उठाए जाते हैं, तो बदलती स्थिति और भी आकर्षक बन सकती है।

पिछली तिमाही में भारत की आर्थिक विकास दर में गिरावट आई है, जबकि सरकार का लक्ष्य 2047 तक 7 प्रतिशत की विकास दर बनाए रखना है। इस गिरावट ने भारत सरकार को सतर्क किया है कि वह अपने सार्वजनिक निवेश को घटाने के बजाय स्थिर बनाए रखे, क्योंकि यह पूंजी निर्माण में सहायक है।

घरेलू निवेशकों द्वारा कमी को पूरा किया जा सकता है, लेकिन विदेशी निवेशकों का समर्थन आवश्यक है, ताकि भारत चीन की जगह निवेश का आकर्षक स्थल बन सके। तभी भारत अपनी बेरोजगारी दर को कम कर सकेगा और मंडियों की मांग को पूरा कर सकेगा। इसके लिए यथास्थितिवाद पर्याप्त नहीं होगा, जैसा कि मौद्रिक नीति में रैपो रेट में कोई बदलाव न करने से स्पष्ट है। सरकार को साहसिक निर्णय और सभी क्षेत्रों में समावेशी उद्यमिता को बढ़ावा देना चाहिए।

जीवन मंत्र

श्री श्री रविशंकर

# कैसा हो ईश्वर से रिश्ता

'ईश्वर हमारे हैं' का क्या अर्थ है? यह अनुभव करना कि ईश्वर और समस्त सृष्टि आपकी अपनी ही है। यह कोई बाजार की हड़बड़ खरीदारी नहीं- अक्सर हम जल्दबाजी में खरीदारी करते हैं, तो वापस घर आने की जल्दी में रहते हैं।


आप ईश्वर के पास जाते हो, आपको वरदान मिलता है और आप चले आते हो। जब आपका उद्देश्य केवल कोई वरदान पाने का होता है, तब आप जल्दी में होते हो। जो व्यक्ति जानता है कि ईश्वर उसके हैं, उसे किसी चीज की जल्दी नहीं होती। उसमें असीम धैर्य होता है। जब आप जानते हो कि ईश्वर आपके अपने हैं, तब आपको ईश्वर से कुछ लेने की जल्दबाजी नहीं होती। जल्दी से जल्दी कुछ पाने की चाह आपको डगमगा देती है, आपको छोटा बनाती है। इसलिए असीम धैर्य रखो। जब आपमें असीम धैर्य होगा, तब समझ सकोगे कि ईश्वर आपके ही हैं। या तो सजगता द्वारा या साधना से, आप इसे अनुभव करते हो। 'ईश्वर हमारे हैं' का क्या अर्थ है? यह अनुभव करना कि ईश्वर और समस्त सृष्टि आपकी अपनी ही है। यह कोई बाजार की हड़बड़ खरीदारी नहीं- अक्सर हम जल्दबाजी में खरीदारी करते हैं, तो वापस घर आने की जल्दी में रहते हैं। जब आप यह देखते हो कि बाजार की सभी वस्तुएं घर पर ही हैं, तब आप जल्दी में नहीं रहते, आप आराम से रहते हो। जब आप जान जाते हैं कि आप दैवीय विधि- विधान के हिस्से हैं, तब



मांगना बंद कर देते हैं। आप जान जाते हैं कि सबकुछ आपके लिए ही किया जा रहा है, आपका ख्याल रखा जा रहा है। अपना धैर्य बढ़ाने के लिए आपको केवल अधीरता को देखना है। अपने विचारों और अपनी भावनाओं पर ध्यान दो, उन पर पश्चाताप न करो। सामान्यतः हम दिमाग को दौड़ाते हैं और काम करने में सुस्ती दिखाते हैं। अधीरता का अर्थ ही है दिमाग की जल्दबाजी; आलस्य का अर्थ है कार्य में सुस्ती। मन में धैर्य और कार्य में गतिशीलता ही उचित उपाय है।आप ईश्वर की परीक्षा लेते हो। परीक्षा लेना अज्ञानता का अंश है। आप केवल उसी की परीक्षा लेते हैं, जिसके प्रति निश्चित नहीं होते। यदि ईश्वर आपकी परीक्षा लेंगे, तो इसका अर्थ होगा कि वह आपको अच्छी तरह जानते नहीं। आप कैसे सोच सकते हो कि ईश्वर आपकी परीक्षा ले रहे हैं? ईश्वर आपकी परीक्षा नहीं लेते, क्योंकि वह आपको पूर्ण रूप से जानते हैं- आपका भूत, वर्तमान व भविष्य। वह आपके सामर्थ्य और कमजोरियों को जानते हैं और वही आपको बल देते हैं। वह परीक्षा नहीं लेते। केवल आप अपनी परीक्षा ले सकते हो, क्योंकि आपको खुद पर विश्वास नहीं रहता। यदि खुद पर भरोसा हो, तो आप परीक्षा क्यों लोगे? यदि आप अपनी परीक्षा लेते हो, तो आप खुद को नहीं जानते। क्या आप ईश्वर की परीक्षा ले रहे हो? ईश्वर आपकी परीक्षा में कभी सफल नहीं होंगे, क्योंकि वह आपकी परीक्षा के लिए प्रकट ही नहीं होंगे। यदि वह आपकी परीक्षा के लिए उपस्थित हों, तो वह ईश्वर नहीं!

शख्सियत | मुहम्मद रफी

# महानतम पार्श्व गायकों में से एक



हिंदी सिनेमा के महानतम पार्श्व गायकों में से एक मुहम्मद रफी ने लगभग 40 वर्षों में फ़िल्मी गायन में 25,000 से अधिक गाने रिकॉर्ड किए हैं। उन्होंने अपने समकालीनों के बीच एक अलग पहचान बनाई थी। उन्हें 'शहंशाह-ए-तरन्नुम' के नाम से भी जाना जाता था। उनका जन्म 24 दिसंबर 1924 को हुआ था। उन्हें छह फ़िल्मफ़ेयर पुरस्कार और एक राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार मिला। 1967 में उन्हें भारत सरकार द्वारा पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

मोहम्मद रफी का जन्म 24 दिसंबर 1924 को अमृतसर के पास कोटला सुल्तान सिंह गांव में हुआ था, लेकिन संगीत प्रशिक्षण ने उन्हें लाहौर बुला लिया, जहां उस्ताद गुलाम अली खान की निगरानी में उन्होंने संगीत की प्रतिभा को निखारा। उन्होंने पंजाबी फिल्म गुल बलोच में जीनत बेगम के साथ श्यामसुंदर द्वारा रचित 'सोनिये नी हीरिये नी' युगल गीत प्रस्तुत करके अपने गायन की शुरुआत की।

रफी 1944 में बॉम्बे (अब मुंबई), महाराष्ट्र चले गए। उन्होंने और हमीद साहब ने शहर के भीड़भाड़ वाले भिंडी बाज़ार इलाके में दस बाई दस फीट का एक कमरा किराए पर लिया। कवि तनवीर नकवी ने उन्हें अब्दुर रशीद कारदार, मेहबूब खान और अभिनेता-निर्देशक नज़ीर सहित फिल्म निर्माताओं से मिलवाया। श्याम सुंदर बंबई में थे और उन्होंने रफी को गांव की गोरी के लिए जी.एम. दुर्रानी के साथ युगल गीत ₹अजी दिल हो काबू में तो दिलदार की ऐसी तैसी...गाने का मौका दिया, जो किसी हिंदी फिल्म में रफी का पहला रिकॉर्ड किया गया गाना बन गया। के.एल. सहगल, जिन्हें वह अपना पसंदीदा मानते थे, के अलावा रफी जी.एम. दुर्रानी से भी प्रभावित थे। अपने करियर के शुरुआती चरण में, वह अक्सर दुर्रानी की गायन शैली का अनुसरण करते थे, लेकिन बाद में उन्होंने अपनी अनूठी शैली विकसित की। उन्होंने दुर्रानी के साथ ₹हमको हंसते देख जमाना जलता है और 'खबर किसी को नहीं, वो किधर देखते' (बेकासूर, 1950) जैसे कुछ गाने गाए।

1948 में महात्मा गांधी की हत्या के बाद हुसनलाल भगतराम-राजेंद्र कृष्ण-रफी की टीम ने रातों-रात 'सुनो-सुनो ऐ दुनियावालों, बापूजी की अमर कहानी' गाना तैयार किया था।

जीवन ऊर्जा

जेम्स प्रेस्कॉट जूल : जन्म - 24 दिसंबर 1818


जन्म

जेम्स प्रेस्कॉट जूल एफआरएस एफआरएसई एक अंग्रेजी भौतिक विज्ञानी और गणितज्ञ थे। उनका जन्म 24 दिसंबर 1818 को लंकाशायर, इंग्लैंड में हुआ था। जूल ने ऊष्मा की प्रकृति का अध्ययन किया और यांत्रिक कार्यों से इसके संबंध की खोज की। इससे ऊर्जा संरक्षण का नियम सामने आया, जिसके परिणामस्वरूप ऊष्मागतिकी का पहला नियम विकसित हुआ।

# शक्तिशाली विचार सिर्फ आपकी जेब में हैं

ऊर्जा संरक्षण का सिद्धांत मेरे लिए हमेशा एक अत्यधिक सौंदर्यपूर्ण और सुंदर सिद्धांत रहा है। मैं इसे डिस्पोजेबल कार्य के लिए एक लाभप्रद व्यवस्था के रूप में मानता हूं कि जब समान मात्रा में कार्य का उत्पादन किया जाता है तो तेल की खपत की जा सकती है।

एक इंजीनियर को थर्मो-डायनामिक्स को समझना चाहिए। ऊष्मा की वह मात्रा जो एक पाउंड पानी के तापमान को एक डिग्री फ़ारेनहाइट तक बढ़ाने में सक्षम है, ऊष्मा की एक इकाई कहलाती है। कहीं भी, कभी भी अपने दिमाग को सशक्त बनाएं। किसी वैज्ञानिक अनुशासन की जीवन शक्ति उसमें नये विचारों वाले युवाओं की उपस्थिति पर निर्भर करती है। मैंने इस विरोधाभास, या पवित्र



रहस्य को भौतिकी के कई छात्रों और कुछ हद तक सार्वजनिक रूप से बताया है। प्रतिक्रियाएं विविध रही हैं। कुछ लोगों का मानना है कि टकराव नैतिक सिद्धांत की सच्चाई की पुष्टि करता है - दूसरों ने इसे शब्दों में विरोधाभास के रूप में निंदा की है। कुछ भी प्रकृति को भ्रम में नहीं डालता, कुछ भी मनुष्य और मनुष्य के बीच संबंधों को नष्ट नहीं करता है, और मानवीय कार्यों की शालीनता को भ्रष्ट करता है, व्यापारियों की आपसी ईर्ष्या से अधिक।

गुणवत्ता, नैतिक श्रेष्ठता - नई साहित्यिक प्रथा की साज-सज्जा।ब्रह्माण्ड शक्ति से परिपूर्ण है. यह संबंधों की एक प्रणाली की स्थापना है। पदार्थ की तीन अवस्थाएं - ठोस, तरल और गैस - न केवल आकार में भिन्न होती हैं, बल्कि खुद को कई तरीकों से प्रकट करती हैं।

शक्तिशाली विचार सिर्फ आपकी जेब में हैं। मेरे गहरे हृदय की ऊर्जा विज्ञान में नए आंदोलन को, या यूं कहें कि नई पद्धति को, धारणा को दी जाती है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# धन का घमंड और ऐश्वर्य असली मूल्य नहीं रखते

एक समय की बात है राजा कुबेर, जिन्हें शास्त्रों में धन के देवता और धन का राजा कहा जाता है। अपनी अपार संपत्ति और ऐश्वर्य से बहुत खुश और गर्वित थे। वह पूरी दुनिया के सबसे समृद्ध देवता थे। उनका अहंकार बढ़ने लगा था और वह अपने धन का अतिरेक रूप से प्रदर्शन करने का सोचने



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा

वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

लगे। एक दिन कुबेर ने न केवल देवताओं, बल्कि भगवान शिव को भी अपने घर भोजन पर बुलाने का विचार किया। कुबेर का घमंड इतना बढ़ चुका था कि उन्होंने सोचा कि मैं पूरे ब्रह्मांड का राजा हूं। मेरी संपत्ति का कोई मुकाबला नहीं कर सकता। अगर मैं भगवान शिव को भी अपने घर भोजन पर बुलाता हूं तो वह भी मेरे धन और ऐश्वर्य से चकित हो जाएंगे। वह भगवान शिव के पास पहुंचे और उन्हें अपने घर आमंत्रित किया। भगवान शिव ने कुबेर के घमंड को समझा और सोचा कि अब उन्हें एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। भगवान शिव ने अपनी पत्नी पार्वती से इस बारे में चर्चा की और दोनों ने मिलकर एक योजना बनाई।

भगवान शिव ने कुबेर से कहा-मैं कैलाश छोड़कर नहीं जा सकता, लेकिन आप मेरे स्थान पर गणेश जी को भेज सकते हैं। वह बहुत विनम्र हैं, और जल्दी तृप्त नहीं होते। इसलिये आप उन्हें भोजन



कराकर देख सकते हैं। कुबेर ने अहंकार से भरकर भगवान शिव के आदेश को स्वीकार कर लिया और गणेश जी को भोजन पर बुलाने के लिए अपने महल में भेज दिया।

गणेश जी भगवान शिव के आदेश से कुबेर के महल में पहुंचे। उनका रूप अत्यंत आकर्षक था और उनके साथ भगवान शिव की कृपा का आशीर्वाद था कुबेर ने उन्हें ताजे और स्वादिष्ट भोजन का न्योता दिया। अपने ऐश्वर्य और धन का पूरा प्रदर्शन करते हुए कुबेर ने स्वर्ण से बने बर्तनों में मोती माणिक्य और बहुमूल्य रत्नों से सजे पकवान गणेश जी के सामने रखे।

लेकिन गणेश जी ने बड़े ही शांत और सहज रूप से भोजन करना शुरू किया। उन्होंने जो भी भोजन लिया वह खत्म होता चला गया। लेकिन गणेश जी का पेट कभी नहीं भरा। समय बीतता गया और कुबेर के भोजन की विशाल सामग्री धीरे-धीरे समाप्त होती चली गई। कुबेर का घबराहट और चिंता बढ़ने लगी वह सोचने लगे कि यह क्या हो रहा है इतने सारे स्वादिष्ट पकवानों के बाद भी गणेश जी का पेट नहीं भर रहा है। कुबेर की हालत खराब होने लगी और वह अपने हाथों में वह अपार धन जो उन्होंने कुबेर के महल में रखा था। वह अब उनके सामने बेमानी सा लगने लगा। बिना वक्त गंवाए वह भगवान शिव के पास पहुंचे और पूरी घटना का विस्तार से बयान किया। कुछ ही देर में गणेश जी भी भगवान शिव के पास पहुंचे भगवान शिव ने मुस्कुराते हुए पार्वती से कहा- मां आप कुछ खाना ले आइए पार्वती जी ने तुरंत अपनी रसोई से घर का बना भोजन भगवान गणेश के सामने रखा। जैसे ही गणेश जी ने मां पार्वती के हाथों का भोजन लियाउनका पेट तुरंत भर गया यह दृश्य देखकर कुबेर की आँखें फटी की फटी रह गईं। वह समझ गए कि धन का घमंड और ऐश्वर्य असली मूल्य नहीं रखते, बल्कि विनम्रता और सच्चाई का सच्चा महत्व होता है। भगवान गणेश का यह चमत्कार और भोलेनाथ का सटीक निर्णय कुबेर को बड़ा पाठ पढ़ा गया।

कुबेर ने भगवान शिव से माफी मांगी और उनसे यह वचन लिया कि वह अब घमंड और अहंकार से बचेंगे। उन्होंने यह भी निश्चय किया कि वह अब अपने धन का उपयोग केवल भलाई के कामों में करेंगे और किसी को भी घमंड करने का मौका नहीं देंगे। इस कहानी से यह शिक्षा मिलती है कि धन और ऐश्वर्य कभी किसी के सच्चे मूल्य का पैमाना नहीं होते। भगवान गणेश के चमत्कार ने न केवल कुबेर का घमंड तोड़ा बल्कि यह भी सिखाया कि सच्चा सम्मान वही है, जो हमारे आचरण और स्वभाव से प्रकट हो।

सक्सेस मंत्र

# आत्मविश्वास है तो सफलता संभव है

एक बार कुछ परेशानी के कारण एक बिजनेसमैन का बिजनेस डूब गया और उस पर बैंक का कर्ज़ा हो गया। उसके पास कोई चारा नहीं बचा था। बैंक और सारे लेनदार उसे लगातार पैसे की भरपाई के लिए बोल रहे थे। उसे अपनी जिंदगी अंधेरे में नजर आ रही थी। एक बार सुबह पार्क में घूमते हुए उसे एक बूढ़ा व्यक्ति दिखाई दिया वो बूढ़ा उसके पास आया और उसे परेशान देखकर उससे परेशानी का कारण पूछा बिजनेसमैन ने सारी परेशानी वृद्ध को बताई, बूढ़े व्यक्ति ने अपनी जेब से अपनी चेकबुक निकाली और एक चेक साइन कर के उसको दिया और कहा कि इससे तुम अपना बिज़नेस फिर से शुरू कर सकते हो और एक साल बाद मुझे ठीक इसी जगह इसी समय मिलना और मुझे मेरे पैसे वापस कर देना। यह कहते हुए बूढ़ा वहां से दूर चला गया।

बिज़नेसमैन ने जब अपने हाथ में रखे चेक पर नज़र डाली तो वह हैरान रह गया क्योंकि वो बूढ़ा कोई मामूली व्यक्ति नहीं था उस चेक पर एक मशहूर अमेरिकन उद्धयोगपति के साइन थे और चेक की रकम थी 50,000 डॉलर उसको खुद पर यकीन नहीं हुआ कि खुद इतने बड़े उद्धयोगपति ने आकर मेरी परेशानी हल की है। फिर उसने सोचा की ये रकम बैंक और लेनदारों को देने की बजाए वो पहले अपने बिजनेस को बचाने के लिए संघर्ष करेगा और इमरजेंसी में ही उस चेक का प्रयोग करेगा। अब तो बिना किसी डर के वह फिर से अपना बिज़नेस बचाने में जुट गया क्योंकि उसे पता था कि अगर कोई परेशानी होगी तो मैं चेक की मदद से बच सकता हूं। बस फिर क्या था उसने जी तोड़ मेहनत की और एक बार फिर से अपने बिज़नेस को वापस खड़ा कर दिया। आज उस बात को एक साल पूरा हो चुका था और वह चेक भी आज तक ऐसे ही सही सलामत था। अपना वादा पूरा करने के लिए बिज़नेसमैन जब पार्क में गया तो उसे वहां वही बूढ़ा व्यक्ति दिखाई दिया। जैसे ही वह उसके पास आया अचानक एक नर्स पीछे से आई और वृद्ध को पकड़ के ले गयी और कहा कि वह एक पागलख़ाने से भागा हुआ पागल है जो खुद को हमेशा उद्धयोगपति बताता है, यह कहकर नर्स वृद्ध को ले गयी। अब वह आदमी एक दम आश्चर्य में था क्योंकि वह बूढ़ा ना तो उद्धयोगपति था और ना ही वह चेक असली था, जिस पर उसे इतना विश्वास था।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# म्हाडा कोंकण मंडल लॉटरी के लिए आवेदन की समय सीमा बढ़ाई गई

दीपक पवार । मुंबई

म्हाडा के कोंकण हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट बोर्ड ने 2264 फ्लैटों की बिक्री के लिए सार्वजनिक ड्रा के आवेदन की अंतिम तिथि 6 जनवरी, 2025 तक बढ़ा दी है। बोर्ड की मुख्य अधिकारी रेवती गायकर ने बताया कि आवेदक 6 जनवरी की रात 11:59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।




### ड्रा के लिए आवेदन प्रक्रिया

आवेदन प्रक्रिया 11 अक्टूबर, 2024 को शुरू हुई थी। इच्छुक आवेदक 7 जनवरी की रात 11:59 बजे तक ऑनलाइन माध्यम से और कार्यालय समय तक आरटीजीएस/एनईएफटी के जरिए जमा राशि का भुगतान कर सकते हैं। ड्रा में भाग लेने वाले आवेदनों की ड्राफ्ट सूची 20 जनवरी को शाम 6 बजे म्हाडा की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। दावे और आपत्तियां 22 जनवरी शाम 5 बजे तक दर्ज कराई जा सकती हैं। अंतिम सूची 24 जनवरी को शाम 6 बजे वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

### ड्रा प्रक्रिया का कार्यक्रम

कम्प्यूटरीकृत ड्रा 31 जनवरी को सुबह 10 बजे निकाला जाएगा। ड्रा का परिणाम एसएमएस, ई-मेल और ऐप के माध्यम से आवेदकों को तुरंत भेजा जाएगा। इस लॉटरी में 20 प्रतिशत व्यापक योजना के तहत 594 फ्लैट, 15 प्रतिशत एकीकृत आवास योजना के तहत 825 फ्लैट, कोंकण मंडल आवास योजना के तहत 728 बिखरे हुए फ्लैट और रोहा-रायगढ़ व ओरस-सिंधुदुर्ग में 117 भूखंड शामिल हैं।

## पश्चिम रेलवे ने छह जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरे बढ़ाए

**यात्रियों की सुविधा के लिए बड़ा कदम**

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

पश्चिम रेलवे ने यात्रियों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए छह जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरों को विस्तारित करने का निर्णय लिया है। यह जानकारी पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई। इन ट्रेनों की समय-सारणी, ठहराव, और मार्ग में कोई बदलाव नहीं किया गया है।



### विस्तारित ट्रेनों की सूची

**बांद्रा टर्मिनस**–उधना सुपरफास्ट स्पेशल (ट्रेन संख्या 09055/09056) : 31 मार्च, 2025 तक।
**बांद्रा टर्मिनस**–गांधीधाम सुपरफास्ट स्पेशल (ट्रेन संख्या 09415/09416) : 27 मार्च, 2025 तक।
**बांद्रा टर्मिनस**–भावनगर टर्मिनस स्पेशल (ट्रेन संख्या 09207/09208) : 28 मार्च, 2025 तक।
**गांधीग्राम**–बोटाद अनारक्षित स्पेशल (ट्रेन संख्या 09211/09212) : 31 मार्च, 2025 तक।
**गांधीग्राम**–भावनगर टर्मिनस अनारक्षित स्पेशल (ट्रेन संख्या 09215/09216) : 31 मार्च, 2025 तक।
**धोला**–भावनगर टर्मिनस अनारक्षित स्पेशल (ट्रेन संख्या 09529/09530) : 31 मार्च, 2025 तक।

### यात्रियों के लिए विशेष लाभ

यह कदम यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है ताकि उनकी यात्रा सुगम और आरामदायक हो सके। विस्तारित फेरों के साथ, यात्रियों को अधिक यात्रा विकल्प उपलब्ध होंगे।

# श्रीमद् भागवत कथा का समापन

**भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी**

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

कनेरी स्थित श्री राम कंपाउंड में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के सात दिवसीय कार्यक्रम का समापन भक्तों की भारी भीड़ के बीच हुआ। कथा के अंतिम दिन व्यास पीठ से काशी निवासी पंडित श्याम मुरारी जी महाराज ने श्री कृष्ण और सुदामा की अनोखी मित्रता की कथा सुनाई।

### झांकी और भजनों ने बांधा समां

कार्यक्रम के दौरान सुदामा की झांकी और भजनों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे पंडाल में भारी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ी। महिलाएं और पुरुष खड़े होकर कथा का श्रवण कर रहे थे।

### कथा में गूंजी श्री कृष्ण-सुदामा की मित्रता की गाथा



पंडित श्याम मुरारी जी ने कहा, श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता संपूर्ण ब्रह्मांड में अद्वितीय है। आज के समय में, जहां स्वार्थ और लालच ने प्रेम और मित्रता को पीछे छोड़ दिया है, वहां इनकी कहानी हमें सच्चे मित्रता के मायने सिखाती है। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण द्वारा अपने दरिद्र मित्र सुदामा को अपनाने और राजसिंहासन पर बिठाने का उल्लेख कर उपस्थित भक्तों को भावविभोर कर दिया।

### यज्ञ और हवन के साथ हुआ समापन

कथा समापन के अवसर पर यज्ञ और हवन का आयोजन मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इस अवसर पर शिवसेना नेता और पूर्व नगरसेवक संतोष शेट्टी, भाजपा नेता बासु अन्ना नाडार, उत्तर भारतीय समाज सेवा समिति के अध्यक्ष कृष्ण गोपाल सिंह दादा ठाकुर, और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कथा को सफल बनाने में उत्तर भारतीय सेवा समिति के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विशेष योगदान दिया। कथा स्थल पर जुटी श्रद्धालुओं की भीड़ ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया।

# मध्य रेल की टीम का सीएसएमटी में भव्य स्वागत

**6 शील्ड के साथ लौटे महाप्रबंधक धर्म वीर मीना**

**रेलवे सेवा पुरस्कार समारोह में मिली बड़ी उपलब्धि**

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मध्य रेल के महाप्रबंधक धर्म वीर मीना और उनके पीएचओडी तथा अधिकारियों की टीम का सीएसएमटी में भव्य स्वागत किया गया। टीम ने अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार (एवीआरएसपी) समारोह-2024 में प्राप्त 6 शील्डों के साथ सीएसएमटी स्टेशन पर कदम रखा। यह पुरस्कार उन्हें 21 दिसंबर 2024 को नई दिल्ली के भारत मंडपम, प्रगति मैदान में आयोजित 69वें रेलवे सप्ताह समारोह में प्राप्त हुए थे।



### सीएसएमटी पर भव्य स्वागत

23 दिसंबर 2024 को ट्रेन संख्या 22222 निजामुद्दीन-सीएसएमटी राजधानी एक्सप्रेस से सीएसएमटी पहुंचने पर महाप्रबंधक और उनकी टीम का रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा शानदार स्वागत किया गया। प्लेटफॉर्म नंबर 18 पर शील्ड के साथ टीम के ट्रेन से बाहर निकलने पर फूलों की वर्षा और तालियों से उनका स्वागत किया गया।

### गोविंद वल्लभ पंत शील्ड सहित 5 अन्य पुरस्कार

मध्य रेल को समग्र दक्षता के लिए रेलवे के सभी जोनों में प्रतिष्ठित गोविंद वल्लभ पंत शील्ड के साथ-साथ 5 विभागीय शील्ड प्राप्त हुई। इन पुरस्कारों को माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव के हाथों सम्मानित किया गया।

### महाप्रबंधक ने दी टीम को श्रेय

इस अवसर पर महाप्रबंधक ने इस उपलब्धि का श्रेय रेलवे कर्मचारियों और अधिकारियों को दिया, जिन्होंने समर्पण और टीमवर्क के साथ वांछित परिणाम हासिल किए। उन्होंने तिरंगे गुब्बारे भी छोड़े, और इसके बाद विजेताओं और उत्साही रेलकर्मियों के साथ समूह फोटो खिंचवाया।

### शामिल हुए सैकड़ों रेलकर्मी और अधिकारी

गोविंद वल्लभ पंत शील्ड और अन्य पुरस्कारों की झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में रेलकर्मी और महिलाएं प्लेटफॉर्म पर मौजूद थीं। सीएसएमटी हेरिटेज परिसर में शील्ड का विशेष प्रदर्शन भी किया गया, जिसमें महाप्रबंधक श्री धर्म वीर मीना और अन्य रेलवे अधिकारी शामिल हुए।

# बांद्रा-भुज सुपरफास्ट स्पेशल का गांधीधाम स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

पश्चिम रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन संख्या 09473/09474 बांद्रा टर्मिनस-भुज सुपरफास्ट स्पेशल को गांधीधाम स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव देने की घोषणा की है। यह बदलाव 25 और 26 दिसंबर, 2024 को प्रभावी होगा।



### ठहराव का शेड्यूल

| ट्रेन संख्या 09473 (बांद्रा टर्मिनस-भुज सुपरफास्ट स्पेशल) | ट्रेन संख्या 09474 (भुज-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल) |
|---|---|
| प्रस्थान : 26 दिसंबर, 2024 को बांद्रा टर्मिनस से सुबह 09:55 बजे। | प्रस्थान : 25 दिसंबर, 2024 को भुज से। |
| गांधीधाम पर आगमन : रात 22:45 बजे। | गांधीधाम पर आगमन : शाम 16:50 बजे। |
| गांधीधाम से प्रस्थान : रात 23:05 बजे। | गांधीधाम से प्रस्थान : शाम 17:10 बजे। |
| गंतव्य पर आगमन : अगले दिन 27 दिसंबर को 00:30 बजे भुज। | |

### यात्रियों के लिए रेलवे की अपील

यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे अपनी यात्रा से पहले ट्रेन के संशोधित समय की पुष्टि करें। अधिक जानकारी के लिए रेलवे हेल्पलाइन या नजदीकी स्टेशन से संपर्क किया जा सकता है। इस अतिरिक्त ठहराव से ट्रेन यात्रा को अधिक सुविधाजनक और सुगम बनाने में मदद मिलेगी।

### समय में बदलाव का कारण

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने बताया कि यह ठहराव यात्रियों की बढ़ती मांग और सुविधा को ध्यान में रखते हुए किया गया है। इस संशोधन से गांधीधाम स्टेशन से यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी राहत मिलेगी।

# वीर जाटव समाज मुंबई का 26वां वार्षिक अधिवेशन सफलतापूर्वक संपन्न

**समाज के उद्देश्यों और उपलब्धियों का जश्न**

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

वीर जाटव समाज मुंबई ने 22 दिसंबर 2024 को अपने स्थापना के 26वें वार्षिक अधिवेशन का आयोजन अश्विता बैंक्वेट हॉल, सेक्टर-19, कमोठे, नवी मुंबई में सफलतापूर्वक किया। इस संगठन का उद्देश्य समाज में जातिविहीन संरचना स्थापित करना और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर तथा भगवान बुद्ध की विचारधारा को बढ़ावा देना है।

### समारोह की सराहना

अधिवेशन के दौरान सभी आगंतुकों ने अपने विचार व्यक्त किए और समाज के कार्यों की सराहना की। यह वार्षिक समारोह समाज के उद्देश्यों को साकार करने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम साबित हुआ।




### सालाना रिपोर्ट और वित्तीय जानकारी

कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष टीका सिंह ने 2023-24 के वार्षिक लेखा-जोखा की प्रतियां सभी सदस्यों को वितरित कीं। इस जानकारी ने सभी सदस्यों को संगठन की वित्तीय पारदर्शिता से अवगत कराया।

### सदस्यों की भागीदारी और परिचय सत्र

कार्यक्रम का संचालन विजय सिंह, अध्यक्ष, वीर जाटव समाज, कल्याण शाखा ने किया। भारी संख्या में उपस्थित सदस्यों, महिलाओं, और बच्चों ने एक-दूसरे से परिचय साझा किया और आपसी संवाद बढ़ाया।

### समारोह का भव्य शुभारंभ

समारोह की शुरुआत भगवान बुद्ध, बाबा साहब, और बहुजन समाज के महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि और बुद्ध वंदना से हुई। राजेंद्र सिंह, अध्यक्ष, वीर जाटव समाज मुंबई, ने मुख्य द्वार पर सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

### मुख्य उपलब्धियां और सम्मान

महासचिव प्रेम सिंह ने समाज के उच्च पदस्थ अधिकारियों और सेवानिवृत्त सदस्यों को मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया। इस अवसर पर महासचिव ने बताया कि समाज ने मीरा रोड पर कार्यालय खरीदा है, जिसे समाज की बड़ी उपलब्धि माना गया। इस उपलब्धि के लिए प्रमुख दानदाताओं नीला सोंस (1,50,000), डॉ. जय पाल सिंह आर्य (1,00,000), और सुभाष चंद्र (1,00,000) का नाम विशेष रूप से लिया गया, जिनका तालियों से स्वागत किया गया।

## पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली की सेहत हुई खराब

**भिवंडी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी विनोद कांबली की तबीयत खराब हो गई है। उन्हें भिवंडी के काल्हेर में स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनका इलाज कर रहे डॉ. विवेक द्विवेदी ने बताया कि कांबली चलने में असमर्थ हैं उन्हें उल्टी, सिर दर्द, तेज बुखार, कमजोरी और किडनी में इन्फेक्शन की तकलीफ है। सूत्रों के अनुसार कांबली अपनी एक लत की वजह से काफी परेशान रहे हैं। इसके लिए वे कई बार रिहैबिलिटेशन सेंटर भी जा चुके हैं। पिछले दिनों विनोद और सचिन तेंदुलकर का एक वीडियोवायरल हुआ था।जिसमें दोनों पुराने दोस्त अपने कोच रमाकांत आचरेकर के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में मिले थे। इस कार्यक्रम में भी कांबली की हालत खराब लग रही थी। इसके बाद 1983 का वर्ल्ड कपजीतने वाले सदस्य उनकी मदद के लिए सामने आए थे।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** — कार्यक्षेत्र में जोखिम लेना चाह रहे हैं तो दिन बेहद शुभ है। व्यापारिक डील के लिये समय बहुत अच्छा है। आपकी तार्किक क्षमता में वृद्धि होगी। बुद्धिमान लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। दूसरे शहर की यात्रा कर सकते हैं।

**वृष** — भोजन में शुद्धता और पौष्टिकता का ध्यान अवश्य रखें। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की आय बढ़ सकती है। आज का दिन आपके लिये काफी शुभ रहने वाला है। मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं।

**मिथुन** — कारोबार में नया प्रयोग करने के लिये दिन शानदार है। विवादित मामलों के सुलझने के योग बन रहे हैं। परिवार की जरूरतों का ध्यान रखें। भोग-विलास में आप धन खर्च करेंगे। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की आय बढ़ सकती है।

**कर्क** — छोटी-छोटी बातों को लेकर थोड़ा परेशान होना पड़ेगा। आर्थिक स्थिति को लेकर थोड़ा तनाव रहेगा। लेकिन आपको गलत मार्गों का चयन करने से बचना चाहिये। नजदीकी लोग आपकी भावनाओं को ठेस पहुँचा सकते हैं।

**सिंह** — आपके व्यवहार से सभी लोग प्रसन्न रहेंगे। आयात-निर्यात सम्बन्धी व्यवसाय से बड़ा लाभ अर्जित कर सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों के लिये आज का दिन विशेष रूप से शुभ है। जोड़ों में दर्द और गठिया से पीड़ित जातकों के स्वास्थ्य में सुधार आयेगा।

**कन्या** — मध्यस्थता के जरिये समस्याओं का समाधान कर लेंगे। आपकी तर्कशक्ति दूसरों की समस्याओं का समाधान करने में मदद करेगी। पुराने मित्रों से मुलाक़ात हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन शानदार रहने वाला है।

**तुला** — धार्मिक कार्यों में आप काफी रुचि लेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सावधान रहेंगे। आपकी अधूरी इच्छाओं को पूरा करने का अवसर प्राप्त होगा। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव हो सकता है।

**वृश्चिक** — मार्केटिंग से जुड़े कार्यक्षेत्र में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। यदि आपका वजन बढ़ा हुआ है तो योग्य चिकित्सक या न्यूट्रीशन विशेषज्ञ से परामर्श अवश्य लें। ज्यादा सोच-विचार करने के कारण तनाव में आ सकते हैं।

**धनु** — काम को आगे बढ़ाने को लेकर बेहतरीन अवसर मिलेंगे। अविवाहितों को विवाह प्रस्ताव मिल सकते हैं। काफी दिनों से रुका हुआ काम पूरा होने से आपका मन शान्त रहेगा। समय से पहले महत्वपूर्ण कार्य पूरा कर लेने से मन उत्साहित रहेगा।

**मकर** — व्यापार में बड़ी पार्टनरशिप हो सकती है। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ने वाली है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करेंगे। सन्तान को लेकर थोड़े चिन्तित रहेंगे। धन कमाने के नये अवसर प्राप्त होंगे।

**कुंभ** — प्रेम सम्बन्धों में कड़वाहट हो सकती है। सम्पत्ति की खरीदी में परेशानियों का सामना कर पड़ सकता है। छोटी-छोटी बातों पर क्रोध न करें। अपनी प्रतिभा को निखारने का प्रयास करेंगे। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मीन** — सोशल मीडिया पर आप काफी सक्रिय रहने वाले हैं। राजनीतिक बहसबाजी के कारण सम्बन्ध खराब हो सकते हैं। परिजनों के साथ अपने सम्बन्ध अच्छे रखें। यात्रा के दौरान असुविधा होने की सम्भावना बन रही है।

# मंगल- गुरु युति के प्रभाव

भाग-2

### गुरु और मंगल युति द्वितीय भाव में:-

दूसरा भाव को धन भाव के नाम से भी जाना जाता है। यह सभी प्रकार के मौद्रिक और भौतिक संपत्ति का भाव है। निवेश, कार, फर्नीचर इस भाव का हिस्सा हैं। इस भाव में, गुरु और मंगल की युति स्वप्निल आँखों के साथ जातक को एक शानदार और निष्पक्ष व्यक्तित्व प्रदान करता है। वह ईमानदार व्यवहार और आकर्षक व्यक्तित्व प्राप्त करते हैं। ऐसे जातक आसानी से लोगों को आकर्षित करते हैं। अपने मतभेदों के बावजूद, लोग इन जातकों को हमेशा पसंद करते हैं। इस युति के परिणामस्वरूप, जातक धाराप्रवाह वक्ता बन जाते हैं। वे विचारशील और दार्शनिक होंते हैं। हालांकि, दूसरे भाव में भाषण का स्वर भी शामिल होता है। इस प्रकार, जातक बातें करने के तरीके में अक्सर कठोर और अहंकारी हो सकते हैं। वे भी अपने उग्र स्वर में गर्व महसूस कर सकते हैं। ऐसे लोगो को दूसरों से काम करवाना अच्छे से आता है। यह संयोजन जातकों को शब्दों का एक बेहतरीन शिष्य भी बनाता है। वे समृद्ध होते हैं और उनमे धन और भाग्य को बनाए रखने की एक मजबूत पकड़ होती है।





प्रियंका जैन
9769994439

### गुरु और मंगल युति तृतीय भाव में:-

तीसरा भाव मानसिक झुकाव का प्रभुत्व करता है। याद रखने की क्षमता, कौशल, मानसिक बुद्धि, संचार, भाई, यात्रा, पड़ोसी और आदतें तीसरे भाव के शासन के तहत आती हैं। इस भाव में, संयोजन ऊर्जा, उत्कृष्टता और जातक में श्रेष्ठता प्रदान करता है। इस तरह के जातक युद्ध रणनीति विशेषज्ञ बन सकते हैं। वे मेहनती और लक्ष्य केंद्रित होंते हैं। साथ ही, उन्हें लड़ाई और बहसों में हराना लगभग असंभव है। उनकी प्रतिभा के कारण, यह जातक जीवन भर कई छोटी और लंबी यात्राएं करते हैं। हालांकि, उनका स्वाभाव आक्रामक होता है और वे अक्सर गुस्से में बात करते हैं। ये जातक जुआ, धोखाधड़ी और लालच जैसे कई पापपूर्ण कार्यों में शामिल हो सकते हैं।

क्रमशः

## खबर संक्षेप

रालोद का बड़ा एक्शन

### राष्ट्रीय प्रवक्ता व प्रदेश प्रवक्ताओं को तत्काल प्रभाव से किया निलंबित

**बागपत।** राष्ट्रीय लोक दल यानी रालोद के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने स्वर्गीय दादा चौधरी चरण सिंह की 122वीं जयंती के मौके पर बड़ा एक्शन लेते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं को बड़ा झटका दिया है। पार्टी ने राष्ट्रीय प्रवक्ता व प्रदेश प्रवक्ताओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पार्टी के महासचिव त्रिलोक त्यागी द्वारा इस संबंध में एक पत्र जारी किया गया। रालोद की इस कार्रवाई से पार्टी में खलबली मच गई। बता दें कि हाल ही में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहेब पर की गई टिप्पणी को लेकर पार्टी के किसी कार्यकर्ता ने बयान की आलोचना कर दी थी। इसके बाद यह बड़ा एक्शन लिया गया है।

### 'विधायक प्रतिनिधि हूं, तुम्हारी और जेई की नौकरी खा जाऊंगा'

**रायबरेली।** यूपी के रायबरेली में बिजली कनेक्शन काटने पर एक उपभोक्ता और उसके परिवार के लोग जेई और बिजली कर्मियों पर भड़क गए। उनको धमकी दी। यहां तक गालीगलौज भी की। घटना के दौरान पुलिस भी मौजूद थी। लेकिन, वह मूकदर्शक बनी रही। घटना के बाद बिजली कर्मियों की टीम गांव से लौट गई। सोमवार को बिजली कर्मियों को धमकाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जेई की शिकायत पर पुलिस घटना की जांच कर रही है। बिजली उपकेंद्र अटौरा बुजुर्ग के जेई संजय भारती की ओर से गुरुबख्शगंज थाने में दी गई तहरीर में बताया कि रविवार को अनुज कुमार, दिनेश कुमार, इम्तियाज अली, सुधीर कुमार, दुर्गेश, अमित कुमार, संदीप, राजकुमार समेत अन्य बिजली कर्मियों के साथ पूरे लाला गांव गए थे। हम लोग ओटीसीएस योजना के तहत राजस्व वसूली कर रहे थे। बिजली का बिल जमा न करने पर कनेक्शन भी काट रहे थे। इस दौरान गांव के एक उपभोक्ता का बिजली का बिल बकाया होने पर कनेक्शन काटा गया। इसी दौरान उपभोक्ता अपने बेटे व अन्य दो लोगों के साथ लाठी-डंडे लेकर आया। धमकाना शुरू कर दिया। गाली-गलौज करते हुए जानसे मारने की धमकी दी। कहा कि बिजली की लाइन नहीं जोड़ा तो जान से मार देंगे। इस घटना से गांव में ओटीएस योजना का कार्य बाधित हो गया है। बिजली कर्मियों में भी दहशत है। गुरुबख्शगंज थाने और अटौरा चौकी पुलिस प्रकरण को दबाने में जुटी रही। यही वजह रही कि जेई के तहरीर देने के बाद भी सोमवार की देर शाम तक प्रकरण में केस दर्ज नहीं किया गया।

# गांव में लगी भीषण आग

## दर्जनों घर जलकर राख, लाखों का हुआ नुकसान

एजेंसी | मुजफ्फरपुर

जिले के गायघाट प्रखंड की शिवदहा पंचायत के बठवाड़ा गांव में देर रात अचानक आग लगने से दर्जनों घर जलकर राख हो गए, जिससे लाखों का नुकसान हुआ है। आग लगने के पीछे की वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। आग लगने के बाद घरों के लोग अपनी जान बचाने के लिए भाग निकले और अपने मवेशियों को भी सुरक्षित निकालने में सफल रहे। आस-पास के लोगों ने आग पर काबू पाने की बहुत कोशिश की, लेकिन आग तेजी से फैलती गई और एक के बाद एक कई घर इसकी चपेट में आ गए।



### दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू

आग की सूचना मिलते ही बेनीबाद थाना प्रभारी अभिषेक कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद गायघाट सीओ शिवांगी पाठक को सूचित किया। इसके बाद घटना की जानकारी अग्निशमन विभाग को दी गई। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार, जब तक अग्निशमन विभाग के वाहन मौके पर पहुंचे, तब तक लगभग सभी घर जलकर राख हो चुके थे। अगलगी से प्रभावित परिवारों में राजेश राय, मुकेश राय, राकेश यादव, राम सुंदर यादव सहित करीब दर्जन परिवार शामिल हैं।

### विधायक ने की मुआवजे की मांग

प्रखंड प्रमुख श्रवण कुमार सिंह और गायघाट विधायक निरंजन राय ने सभी पीड़ित परिवारों को मुआवजे के साथ-साथ अन्य मदद भी देने की मांग की है। सीओ शिवांगी पाठक ने बताया कि वे खुद राजस्व कर्मचारी के साथ घटना की जांच कर रही हैं। जाँच रिपोर्ट सामने आने के बाद सभी पीड़ित परिवारों को नियमानुसार मुआवजे की राशि दी जाएगी।

# तीन आतंकी ढेर

- घेराबंदी पर आतंकियों ने बरसाईं गोलियां
- पुलिस ने किया ढेर

**पीलीभीत।** पीलीभीत के पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र में पंजाब और उत्तर प्रदेश पुलिस की संयुक्त टीम ने सोमवार सुबह तीन खालिस्तानी आतंकियों को मुठभेड़ में मार गिराया। मुठभेड़ के बाद एडीजी जोन रमित शर्मा और आईजी रेंज डॉ. राकेश सिंह पीलीभीत पहुंचे। एडीजी रमित शर्मा ने बताया कि पुलिस मुठभेड़ में मारे गए तीन लोगों की पहचान वीरेंद्र सिंह उर्फ रवि (23), गुरविंदर सिंह (25) और जसनप्रीत सिंह उर्फ प्रताप सिंह (18) के रूप में हुई है। तीनों से दो एके-47, पिस्टल और भारी मात्रा में कारतूस बरामद हुए हैं। मामले में आगे की जांच जारी है।

### तीनों आतंकियों के खिलाफ पंजाब में एफआईआर दर्ज



एडीजी ने बताया कि मुठभेड़ में मारे गए तीनों आतंकियों के खिलाफ पंजाब में गुरदासपुर की बक्शीवाल पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमले के संबंध में एफआईआर दर्ज है। सूचना मिली थी कि ये तीनों पीलीभीत के पूरनपुर में छिपे हैं। सोमवार को सुबह चेकिंग के दौरान पुलिस ने उन्हें घेर लिया। खालिस्तानी आतंकवादियों ने पुलिस टीम पर गोलियां चलाईं और पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें तीनों मारे गए। मुठभेड़ में माधोटांडा थाने के सिपाही सुमित राठी और एसओजी के सिपाही मोहम्मद शाहनवाज घायल हुए हैं। इनको अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### मुठभेड़ में शामिल रही ये टीम

मुठभेड़ में पीलीभीत के एसपी अविनाश पांडेय, एसआई अमित प्रताप सिंह, इंस्पेक्टर नरेश त्यागी (एसएसओ पूरनपुर), एसआई ललित कुमार, हेड कांस्टेबल जगवीर, इंस्पेक्टर अशोक पाल (एसएचओ माधोटांडा), सिपाही सुमित और हितेश, एसओजी प्रभारी इंस्पेक्टर केबी सिंह, सर्विलांस प्रभारी एसआई सुनील शर्मा समेत पंजाब पुलिस की टीम शामिल रही।

# बेगूसराय में मानवता शर्मसार

एजेंसी | बेगूसराय

बेगूसराय जिले से मानवता को शर्मसार कर देने वाली खबर सामने आई है। यहां भीड़ ने एक मामूली विवाद के बाद महिला को डायन बता कर उसकी सरेआम पिटाई कर दी। भीड़ के हमले से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि जिस वक्त महिला की पिटाई की जा रही थी उस वक्त महिला रहम की भीख मांग रही थी। लेकिन किसी ने उसकी नहीं सुनी। हालांकि इसी दौरान किसी ने इस घटना की जानकारी 112 पर दे दी और मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को भीड़ से छुड़ाया।

### डायन बता भीड़ ने कर दी पिटाई



ये घटना घटना जिले के बीरपुर थाना क्षेत्र के मुसहरी की है। यहां किसी बात को लेकर महिला का कुछ लोगों से विवाद हो गया था। जिसके बाद विरोधी पक्ष के लोगों ने प्लान बनाकर पहले तो महिला को डायन बताया। इसके बाद उसकी पिटाई करनी शुरू कर दी। जिस वक्त महिला के साथ बेरहमी हो रही थी। वहां मौजूद एक एंबुलेंस कर्मी और चौकीदार ने डायल 112 की टीम को इस घटना की जानकारी दी। जिसके बाद मामले की गंभीरता को समझते हुए पुलिस की टी मौके पर पहुंची और महिला को छुड़ाया।

### बिहार में ऐसी घटनाएं हो गई है आम

बता दें कि यह कोई पहली घटना है। जहां इस तरह कि बर्बरता की गई हो।

कुछ दिनों पहले पूर्णिया जिले से भी ऐसी ही एक खबर सामने आई थी। जहां जिले के धमदाहा प्रखंड के किशनपुर बलुवा पंचयात के कुकरन नंबर एक वार्ड संख्या आठ में एक महिला पर डायन का आरोप लगाते हुए ना सिर्फ भरी पंचायत में उस पर आरोपितों ने ढाई लाख का जुर्माना ठोका बल्कि जुर्माना नहीं देने पर बलि देने की भी धमकी दी गई थी। यह धमकी देनेवाले कोई और नहीं बल्कि उसके भाई-भौजाई ही थे।

# पटना में हाइवा ने टीचर को रौंदा



एजेंसी | पटना

पटना के दीदारगंज में सोमवार को बालू लोडेड एक हाइवा ने स्कूटी सवार टीचर को रौंद दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजन समेत स्थानीय लोगों ने पटना-बख्तियारपुर नेशनल हाइवे को जाम कर दिया। इसके बाद तीन किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया। सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले को शांत कराने की कोशिश कर रही है। पुलिस आक्रोशित लोगों को समझाने में जुटी हुई है, लेकिन कोई कुछ मानने को तैयार ही नहीं है।

# ठंड के आगोश से दूर बिहार

## मंगलवार से तापमान में होगी और बढ़ोतरी

एजेंसी | पटना

पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के बावजूद बिहार अब तक ठंड के आगोश से दूर है। बिहार में अभी भी कड़ाके की ठंड ने दस्तक नहीं दी है। शीतलहर का प्रभाव नहीं दिख रहा है। हालांकि सुबह और देर रात के समय अलग-अलग हिस्सों में कोहरा छा रहा है, लेकिन उसका प्रभाव भी बहुत असरदार नहीं है। मंगलवार की सुबह भी प्रदेश के कुछ हिस्सों में मध्यम स्तर का कोहरा छाया रहेगा। साथ ही सुबह के समय हल्की ठंड महसूस होगी, लेकिन मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के अनुसार बिहार के कुछ इलाकों में मंगलवार से तापमान बढ़ने के आसार हैं। पश्चिमी विक्षोभ के कारण यह बदलाव हो रहा है।

### इन जिलों में बारिश के आसार



बिहार में पिछले करीब 15 दिनों से सभी जिलों में मौसम स्थिर बना हुआ है। इस दौरान अधिकतम तापमान में थोड़ा उतार-चढ़ाव भी देखने को मिला है। इस अवधि में अधिकतम तापमान 25 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8-10 डिग्री के आसपास बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार बिहार के दक्षिण-पश्चिम हिस्से में 27-28 दिसंबर को हल्की से मध्यम स्तर की बारिश होने की संभावना है। इस दौरान बक्सर, कैमूर, रोहतास, भोजपुर, अरवल और औरंगाबाद समेत कई जिलों में बारिश का पूर्वानुमान है। बारिश से ठंड बढ़ने की भी संभावना है। हालांकि दिन में धूप निकलने से कुछ राहत मिल रही है।

### छाया रह सकता है कोहरा

पटना समेत राज्य के कई हिस्सों में अगले तीन दिन हल्का कोहरा छाया रह सकता है। दिन में धूप निकलने से मौसम सामान्य रहेगा, लेकिन सुबह और रात में ठंड से बचने की जरूरत है। हालांकि दिन के समय तापमान सामान्य रह रहा है, सुबह-शाम का तापमान काफी कम है। सोमवार को अधिकतर शहरों के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। सबसे कम तापमान 8 l5 डिग्री सेल्सियस डेहरी और पूसा में रहा। पटना में अधिकतम तापमान में 0 l2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान में 0 l3 डिग्री सेल्सियस की कमी आई।





# मार्च तक बीएसएनएल होगा स्वदेशी 4जी नेटवर्क से लैस

- संचार क्षेत्र में स्वदेशी तकनीक का विस्तार

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने देश को चीनी उपकरणों की निर्भरता से मुक्त करने और स्वदेशी तकनीक को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत, भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) को पूरी तरह से स्वदेशी 4जी नेटवर्क से लैस किया जा रहा है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, मार्च 2025 तक बीएसएनएल का 4जी नेटवर्क पूरी तरह से स्वदेशी होगा। अब तक यह कार्य 75% से अधिक पूरा किया जा चुका है।

### सी-डॉट को मिली जिम्मेदारी




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर संचार मंत्रालय की अनुसंधान संस्था सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट) को 4जी और 5जी नेटवर्क की स्वदेशी तकनीक विकसित करने का दायित्व सौंपा गया। 2020 में चीन के साथ बिगड़ते संबंधों के बाद, केंद्र सरकार ने इस दिशा में तेजी से काम किया। उच्चस्तरीय बैठक में साइबर सुरक्षा और चीन पर निर्भरता के खतरों को देखते हुए यह कदम उठाया गया।

### 4जी नेटवर्क का विस्तार


बीएसएनएल के 80,000 टावरों पर स्वदेशी 4जी नेटवर्क के रेडियो फ्रीक्वेंसी उपकरण और सॉफ्टवेयर जोड़े जा चुके हैं। कुल एक लाख स्थलों पर यह उपकरण स्थापित किए जाने हैं। अन्य निजी कंपनियों को भी स्वदेशी 4जी नेटवर्क अपनाने के लिए सरकार प्रोत्साहित कर रही है।

### स्वदेशी 5जी नेटवर्क भी तैयार

सी-डॉट ने स्वदेशी 5जी नेटवर्क भी विकसित कर लिया है। इसका परीक्षण चंडीगढ़ में चल रहा है और अगले छह महीने में इसे शुरू करने की योजना है। सबसे पहले यह नेटवर्क बीएसएनएल में लागू किया जाएगा, जिसके बाद इसे अन्य कंपनियों से साझा किया जाएगा।

# सेंसेक्स 498 अंक की तेजी के साथ 78,540 पर बंद

- निफ्टी भी 165 अंक चढ़ा, BSE स्मॉलकैप में 331 अंक की गिरावट रही



**मुंबई।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन आज यानी 23 दिसंबर को सेंसेक्स में 498 अंक की तेजी के साथ 78,540 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 165 अंक की तेजी रही, ये 23,753 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, BSE स्मॉलकैप 331 अंक गिरकर 54,817 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 में तेजी और 10 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 32 में तेजी और 18 में गिरावट रही। रियल्टी सेक्टर सबसे ज्यादा 1.47% की तेजी के साथ बंद हुआ।

### एशियाई बाजार में मिलाजुला कारोबार रहा

HDFC बैंक, रिलायंस, ITC और ICICI बैंक ने बाजार को ऊपर चढ़ाया। जबकि, जोमैटो, मारुति सुजुकी और TCS ने सेंसेक्स को नीचे खींचा। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 1.19% और कोरिया के कोस्पी में 1.57% की तेजी रही। वहीं, चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स 0.50% गिरावट के साथ बंद हुआ। NSE के डेटा के अनुसार, 20 दिसंबर को विदेशी निवेशकों (FIIs) की नेट सेल 3,597.82 करोड़ रुपए रही। इस दौरान घरेलू निवेशकों (DIIs) ने 1,374.37 करोड़ के शेयर खरीदे।

# ई-कॉमर्स कंपनियों से जुड़े श्रमिकों को जल्द मिलेगा सामाजिक सुरक्षा का लाभ

## कैब ड्राइवर, डिलिवरी ब्वाय व डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़कर अन्य सेवाएं दे रहे कामगारों को पेंशन, चिकित्सा और दुर्घटना बीमा का कवर देने की तैयारी

दोपहर संवाददाता | मुंबई

ई-कॉमर्स कंपनियों से जुड़े कैब ड्राइवर, डिलिवरी ब्वाय व डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़कर अन्य तरह की सेवा देने वाले करीब डढ़े करोड़ कामगारों (गिग वर्कर) को केंद्र सरकार सामाजिक सुरक्षा का लाभ देने जा रही है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की तरफ से गठित कमेटी ने सभी पक्षों से विचार-विमर्श के बाद मसौदा तैयार किया है, जिसे जल्द ही इसे सरकार को सौंपा जाना है। सूत्रों का कहना है कि कमेटी और मंत्रालय इस पक्ष में है कि काम के बदले भुगतान के आधार पर रखे गए कर्मचारियों (गिग वर्कर) को संगठित क्षेत्र से जुड़े कर्मचारियों की तरह ही सामाजिक सुरक्षा से जुड़े लाभ दिए जाएं।

### कर्मचारियों पर नहीं पड़ेगा कोई वित्तीय बोझ



इन तमाम फैसलों को लागू किए जाने की स्थिति में कर्मचारियों की जेब पर कोई वित्तीय बोझ नहीं पड़ेगा। क्योंकि सामाजिक सुरक्षा संहिता-2020 में स्पष्ट तैयार पर उल्लेख किया गया है कि कंपनी अधिनियम-2013 के तहत कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व निधि में योगदान देंगे। उन्हें सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए एक से दो फीसदी तक योगदान करना होगा, जिसका इस्तेमाल कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने पर किया जाएगा।

### 2029-30 तक सवा दो करोड़ से अधिक होगा कामगारों की संख्या

वर्ष 2022 में नीति आयोग ने गिग और प्लेटफॉर्म कामगारों की स्थिति को लेकर रिपोर्ट जारी की। जिसमें कहा गया कि मौजूदा वक्त में देशभर में 77 लाख कर्मचारी ई-प्लेटफॉर्म से जुड़कर सेवाएं दे रहे हैं। अब उनकी संख्या बढ़कर करीब डेढ़ करोड़ तक हो गई है, जिसके वर्ष 2029-30 में बढ़कर 2.35 करोड़ होने का अनुमान है। वर्तमान में काम कर रहे कर्मचारियों में 47 फीसदी मध्यम, 22 फीसदी उच्च और 31 फीसदी कम कुशल वाले हैं। इनमें मध्यम कुशल श्रमिकों की संख्या तेजी से बढ़ेगी और कम-उच्च कुशल की तेजी से कम होगी।

# सेबी ने भारत ग्लोबल डेवलपर्स में कारोबार रोका



**नई दिल्ली।** सेबी ने सोमवार को वित्तीय गलतबयानी, भ्रामक खुलासे, मूल्य हेरफेर और बढ़े हुए मूल्यों पर शेयर बेचने के चलते भारत ग्लोबल डेवलपर्स लिमिटेड में कारोबार निलंबित कर दिया। सेबी ने 16 दिसंबर, 2024 को सोशल मीडिया पोस्ट और एक शिकायत के बाद भारत ग्लोबल डेवलपर्स के खिलाफ जांच शुरू की थी। यह जांच बीजीडीएल के शेयर की कीमत में 105 गुना की नाटकीय वृद्धि के बाद शुरू हुई। कंपनी के शेयर नवंबर 2023 में 16.14 रुपये से बढ़कर नवंबर 2024 में 1,702.95 रुपये पर पहुंच गए थे। इसके अलावा, सेबी ने तरजीही आवंटियों द्वारा शेयरों की बिक्री के जरिए कमाए गए 271.6 करोड़ रुपये के अवैध मुनाफे को जब्त कर दिया है। नियामक ने कंपनी, इसके प्रबंध निदेशक अशोक कुमार सेवाडा, सीईओ मोहसिन शेख और निदेशकों - दिनेश कुमार शर्मा और निराली प्रभातभाई करेथा - और कई तरजीही शेयरों के आवंटियों को प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है।

# निसान-होंडा के विलय से तीसरी सबसे बड़ी वाहन कंपनी बनेगी

एजेंसी | टोक्यो

जापानी वाहन विनिर्माता होंडा और निसान ने विलय योजना की घोषणा की है। इस कवायद के पूरा होने के बाद बिक्री के लिहाज से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी वाहन कंपनी अस्तित्व में आएगी। दोनों कंपनियों ने कहा कि उन्होंने सोमवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। निसान के छोटे गठबंधन के सदस्य मित्सुबिशी मोटर्स ने भी अपने व्यवसायों को एकीकृत करने के लिए बातचीत में शामिल होने पर सहमति जताई है। जापान में वाहन विनिर्माता इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में अपने बड़े प्रतिद्वंद्वियों से पीछे रह गए हैं और अब वे लागत में कटौती करने और नुकसान की भरपाई करने की कोशिश कर रहे हैं।




# डॉलर के मुकाबले रुपए में सात पैसे की गिरावट

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में तेज सुधार के बावजूद रुपया मजबूत अमेरिकी मुद्रा के दबाव का सामना करने में विफल रहा और अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सात पैसे की गिरावट के साथ 85.11 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, डॉलर की पर्याप्त मांग के कारण रुपया कमजोर रहा। इसके अलावा, अस्थिर भू-राजनीतिक स्थिति के कारण कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि ने भी कारोबारी धारणा को प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि डॉलर इंडेक्स के ऊंचा बने रहने की उम्मीद है क्योंकि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने वर्ष 2025 में उम्मीद से कम ब्याज दरों में कटौती का संकेत दिया है।

# सीन एबॉट और ब्यु वेबस्टर टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण के लिए तैयार

- सीन और ब्यू हर बार अंतिम एकादश में चयन से चूके
- भारत के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम का चौथा टेस्ट गुरुवार से

**93 प्रथम श्रेणी मैचों में 12 शतकों और 24 अर्धशतकों की मदद से 5297 रन बना चुके वेबस्टर, 142 विकेट भी अब तक झटक चुके हैं**

**26 वनडे अंतरराष्ट्रीय मैचों में 29 विकेट ले चुके एबॉट, 20 टी-20 में 26 विकेट उनके नाम पर दर्ज हैं**





### चौथा टेस्ट

एजेंसी | मेलबर्न

बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का चौथा टेस्ट पास आते ही मेजबान क्रिकेटर सीन एबॉट और ब्यु वेबस्टर की फिर पदार्पण के लिए खुद को तैयार करने में जुट गए हैं। असल में दोनों एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। दोनों ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट एकादश में चयन के करीब पहुंचकर बार-बार चूक जाते हैं। इस बार उन्हें उम्मीद है कि टेस्ट कैप पहनने का मौका मिल ही जाएगा। दोनों ने सोमवार को भी मेलबर्न क्रिकेट मैदान में अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। चौथा टेस्ट 26 दिसंबर से यहां खेला जाएगा।

### एबॉट के अंतरराष्ट्रीय पदार्पण को दस साल हो चुका

अगले साल फरवरी में 33 साल के होने वाले एबॉट ने अक्तूबर 2014 में पाकिस्तान के खिलाफ वनडे और टी-20 पदार्पण किया था। लेकिन दस साल से वह टेस्ट कैप हासिल करने का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने हालांकि स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों की सूची में वह चौथी नहीं बल्कि पांचवीं पसंद हैं। एबॉट ने स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलियाई ड्रेसिंग रूम में बड़े खिलाड़ियों के साथ होना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अगर मुझे कोई मैच खेलने को नहीं मिल रहा है तो यह टीम के लिए अच्छी बात है क्योंकि इसका मतलब है कि हम पूरी ताकत से खेल रहे हैं। मुझे लगता है कि खिलाड़ी इस समय काफी अच्छा महसूस कर रहे हैं। मैं स्पष्ट रूप से किसी गेंदबाज के कवर के रूप में यहां हूं।

### बैगी ग्रीन की आस

अक्सर दोनों को राष्ट्रीय टीम के साथ जुड़ने के लिए बुलाया जाता है, वे नेट अभ्यास में हिस्सा लेते हैं। फिर घरेलू प्रतिबद्धताओं के लिए वापस जाते हैं। इन्हें फिर बुलाया जाता है और 'बैगी ग्रीन (ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट कैप) पहनने की उम्मीद बनती है लेकिन ऐसा नहीं हो पाता। एक दशक पहले सीमित ओवरों के प्रारूप में पदार्पण करने के बाद से 32 साल के गेंदबाजी ऑलराउंडर एबॉट ने 56 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं लेकिन उन्हें अब भी सफेद कपड़े पहनकर खेलने और लाल कूकाबुरा हाथ में थामने का इंतजार है।

### वेबस्टर भी दस साल से खेल रहे प्रथम श्रेणी

31 साल के वेबस्टर ने 2014 में तस्मानिया के खिलाफ प्रथम श्रेणी में करियर शुरू करने के बाद से 12 शतक और 24 अर्धशतक जमा चुके हैं। लेकिन उन्हें अभी तक टेस्ट क्या, वनडे या टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने का भी मौका नहीं मिला है। लेकिन वह नाउम्मीद नहीं हुए हैं। वह जानते हैं कि वह अच्छे क्रिकेटर हैं लेकिन वह यह भी जानते हैं कि टीम को लगता है कि मिचेल मार्श थोड़े बेहतर हो सकते हैं। वेबस्टर हालांकि बल्लेबाजी में अधिक आश्वस्त नजर आते हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### खो-खो विश्व कप के लिए टीमों की संख्या बढ़ी



एजेंसी | नई दिल्ली

भारत की मेजबानी में अगले महीने होने वाले पहले खो-खो विश्व कप में हिस्सा लेने वाली टीमों की संख्या में बढ़ोतरी की गई है। भारतीय खो-खो महासंघ (केकेएफआई) ने सोमवार को बताया कि पुरुष और महिला वर्ग में पहले 16-16 टीमों को भाग लेना था लेकिन दिल्ली और नोएडा में 13 से 19 जनवरी तक आयोजित होने वाले टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग में 21 और महिला वर्ग में 20 टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट में छहों महाद्वीपों - एशिया, अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका, दक्षिण अमेरिका, यूरोप और ओशिनिया महाद्वीपों के देश चुनौती पेश करेंगे। महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा, हमने मेहमानों के लिए सभी तैयारियां कर ली हैं। हम उन्हें आहार, रहने और परिवहन सुविधाएं भी प्रदान कर रहे हैं।



### अश्विन की जगह कोटियान भारतीय टीम में

एजेंसी | मेलबर्न

हाल में क्रिकेट से संन्यास लेने वाले रविचंद्रन अश्विन की जगह मुंबई के ऑफ स्पिनर तनुष कोटियान को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले दो टेस्ट के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। बोर्ड के एक सूत्र ने बताया, भारत ए का हिस्सा रहे 26 वर्ष के कोटियान को सुरक्षा कवर के तौर पर टीम में रखा गया है। अगर वाशी (वाशिंगटन सुंदर) या जड्डू (रवींद्र जडेजा) को चोट लगती है तो ही उन्हें खेलने का मौका मिलेगा। अहमदाबाद में विजय हजारे ट्रॉफी खेल रहे कोटियान मंगलवार को मुंबई से रवाना होंगे और बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले मेलबर्न पहुंच जाएंगे। उन्होंने हैदराबाद के खिलाफ विजय हजारे मैच में नाबाद 39 रन बनाए और दो विकेट लिए। उन्होंने एमसीजी पर भारत ए के लिए आठवें नंबर पर उतरकर 44 रन बनाए थे। सूत्रों के अनुसार वैसे अक्षर पटेल को ऑस्ट्रेलिया जाना था लेकिन उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी के पहले दो मैचों के बाद पारिवारिक व्यस्तताओं के कारण ब्रेक मांगा है।

## बुमराह से निपटने की रणनीति तैयार कर ली : कोंस्टास

एजेंसी | मेलबर्न

नाथन मैकस्वीनी की जगह ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल 19 वर्षीय बल्लेबाज सैम कोंस्टास ने कहा है कि उन्होंने भारत के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में दुनिया के सबसे घातक गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से निपटने की रणनीति तैयार कर ली है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैच की सीरीज अभी 1-1 से बराबर है। बुमराह उन दो अभ्यास मैच में नहीं खेले थे जिनमें कोंस्टास ने रन बनाए थे। कोंस्टास ने सोमवार को अभ्यास सत्र के बाद कहा, मैंने बुमराह से निपटने की रणनीति तैयार कर ली है पर उसका खुलासा नहीं करूंगा। मैं गेंदबाजों पर दबाव बनाने की कोशिश करूंगा। सभी अच्छे गेंदबाज हैं। वह सभी विश्वस्तरीय गेंदबाज हैं और मैं उनकी चुनौती का सामना करने के लिए उत्सुक हूं।



### सपना सच होने जैसा

वह एमसीजी में खेलने को लेकर उत्साहित हैं जहां वह न्यू साउथ वेल्स की तरफ से पहले भी खेल चुके हैं। उन्होंने कहा, मैं जब यहां पहले खेला था तो उसकी तुलना में विकेट अलग है। यह गेंदबाजों के लिए अनुकूल लगता है लेकिन खचाखच भरे एमसीजी पर बॉक्सिंग डे टेस्ट खेलना सपना सच होने जैसा है। कोंस्टास की बल्लेबाजी में शेन वॉटसन की झलक दिखाई देती है। उन्होंने कहा, मैंने वाटसन से काफी कुछ सीखा है तथा मुझे खेल में बने रहना और गेंदबाजों पर दबाव बनाना पसंद है। उम्मीद है कि मैं उनके जैसा प्रदर्शन करने में सफल रहूंगा।

## भारत अभ्यास पिचों से नाखुश

एजेंसी | मेलबर्न

भारतीय टीम ने चौथे टेस्ट से पूर्व अभ्यास पिचों पर असंतोष जताया और रोहित शर्मा को घुटने में लगी चोट के लिए पिच के असमान उछाल को जिम्मेदार ठहराया है। लेकिन एमसीजी (मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड) के क्यूरेटर मैट पेज ने कहा कि इसमें 'मानक प्रोटोकॉल का पालन किया गया। थ्रोडाउन को खेलने की कोशिश में रोहित के बाएं घुटने में सूजन आ गई। उन्होंने रविवार को नेट पर अभ्यास नहीं किया। टीम ने सोमवार को अभ्यास नहीं करने का फैसला किया। पता चला कि रात को कप्तान के पैर की सूजन पर बर्फ लगानी पड़ी और टीम के 'थिंक टैंक' ने इसके लिए पिच के असमान उछाल को जिम्मेदार ठहराया। भारतीय टीम ने दो महीने पहले अपना ट्रेनिंग कार्यक्रम भेजा था लेकिन एमसीजी क्यूरेटर टेस्ट से तीन दिन पहले ही नई अभ्यास पिच देने की मानक संचालन प्रक्रिया पर अड़े रहे।

### पिचें गेंदबाजों के अनुकूल

एमसीजी में पर्थ की तरह उछाल या गाबा की तरह सीम मूवमेंट नहीं होगी लेकिन फिर भी छह मिमी घास के कारण पिच तेज गेंदबाजी के लिए अनुकूल होगी। पेज ने कहा, इतनी दरारें नहीं बनेंगी कि स्पिनरों को मदद मिले। सात साल पहले पिच काफी सपाट थी, हम एक रोमांचक मुकाबला और रोमांचक टेस्ट मैच चाहते हैं इसलिए हम अधिक घास छोड़ेंगे जो गेंदबाजों की भूमिका बनाता है। क्या जसप्रीत बुमराह विकेट को देखकर उत्साहित होंगे? इस पर पेज ने जवाब दिया, यहां सभी तेज गेंदबाज उत्साहित होते हैं, हालांकि यह पर्थ और ब्रिस्बेन जितना तेज विकेट नहीं है लेकिन हम इसे तेज गेंदबाजी के अनुकूल बनाने में सफल रहे हैं।

## एक-दूजे के हुए सिंधु-वेंकट दत्ता



एजेंसी | उदयपुर

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने रविवार को जीवन के नए सफर की शुरुआत कर दी। वह यहां एक निजी समारोह में उद्यमी वेंकट दत्ता साई के साथ शादी के बंधन में बंध गईं। रियो ओलंपिक 2016 में कांस्य और तीन साल पहले टोक्यो ओलंपिक में रजत विजेता हैदराबाद की 29 वर्षीय शटलर सिंधु ने पारंपरिक समारोह में 'पोसिडेक्स टेक्नोलॉजीस के कार्यकारी निदेशक दत्ता से विवाह किया।

## अजेय बढ़त लेने उतरेगी भारतीय महिला टीम

- 92 वनड़े में अब तक 3903 रन बना चुकी हैं मंधाना
- 91 रन पहले वनडे में बना जीत में अहम भूमिका निभाई



एजेंसी | वडोदरा

आत्मविश्वास से भरी भारतीय महिला क्रिकेट टीम मंगलवार को यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत के साथ सीरीज में अजेय बढ़त लेने के इरादे से उतरेगी। हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम ने पहले वनडे में 211 रन की शानदार जीत दर्ज की थी। यूएई में खराब प्रदर्शन के बाद टीम विभिन्न संयोजन के साथ प्रयोग कर रही है और टिटास साधु, प्रिया मिश्रा और प्रतिका रावल सहित सात खिलाड़ियों को पदार्पण का मौका दे चुकी है। अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते हुए दिल्ली की प्रतिका ने पहले एकदिवसीय में 69 गेंद में 40 रन की पारी खेलने के अलावा उप कप्तान स्मृति मंधाना के साथ पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी करके छाप छोड़ी।

### मंधाना चार हजार रन के करीब

मंधाना ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में लगातार तीन अर्धशतक जड़ने के बाद पहले एकदिवसीय में 102 गेंद में 91 रन बनाकर भारत के बड़े स्कोर की नींव रखी। वह अब वनडे करियर में चार हजार रन पूरे करने से 97 रन दूर हैं। वन वनडे में 9 शतक लगा चुकी हैं। ऐसे में उनकी मौजूदा फॉर्म देखते हुए उम्मीद की जा सककी है कि वह यह उपलब्धि भी अपने नाम कर सकती हैं।
पांच विकेट चटकाकर पहले एकदिवसीय मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही रेणुका सिंह का आत्मविश्वास बढ़ा हुआ होगा और वह एक बार फिर नई गेंद से वेस्टइंडीज के शीर्ष क्रम को ध्वस्त करने के इरादे से उतरेंगी। जहां तक वेस्टइंडीज का सवाल है तो मेहमान टीम को अपने खेल के स्तर को ऊपर उठना होगा।

## ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 75 रन से शिकस्त दी

एजेंसी | वेलिंगटन



एश्ले गार्डनर (74), फोबे लिचफील्ड (50) रनों की अर्धशतकीय पारी के बाद एनाबेल सदरलैंड, अलाना किंग (तीन-तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने सोमवार को तीसरे एकदिवसीय मैच में न्यूजीलैंड को 75 रनों से हरा दिया। इसके साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त ले ली। सदरलैंड को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' और प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया। ऑस्ट्रेलिया के 290 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए बेला जेम्स और अमेलिया केर की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 43 रन जोड़े। नौवें ओवर में सदरलैंड ने बेला जेम्स (24) को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। फिर अमेलिया केर ने सूजी बेट्स के साथ दूसरे विकेट के लिए 63 रनों की साझेदारी की।

## पहली बार साथ आए सलमान खान और ऋतिक रोशन

अभिनेता ऋतिक रोशन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'वॉर 2' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म के जरिए दक्षिण जूनियर एनटीआर बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने जा रहा हैं, वहीं इस बार फिल्म के निर्देशन की कमान अयान मुखर्जी को सौंपी गई है। 'वॉर 2' की रिलीज से पहले खबर है ऋतिक ने अपनी अगली परियोजना के लिए दिग्गज अभिनेता सलमान खान से हाथ मिलाया है। यह दोनों के बीच पहला सहयोग होगा, जिसे लेकर प्रशंसक काफी उत्साहित है।



### जल्द शुरू होगी शूटिंग

रिपोर्ट के अनुसार, ऋतिक और सलमान पहली बार साथ आ गए हैं। दोनों ने एक बड़े विज्ञापन के लिए हाथ मिलाया है, जिसके निर्देशन की कमान अली अब्बास जफर ने संभाली है। इसमें दोनों कलाकार जबरदस्त एक्शन करते नजर आएंगे।
विज्ञापन की शूटिंग जल्द ही मुंबई के एक स्टूडियो में होनी है। 'सुल्तान', 'टाइगर जिंदा है' और 'भारत' के बाद यह सलमाल और अब्बास के बीच चौथा सहयोग है, वहीं ऋतिक पहली बार निर्देशक के साथ काम करेंगे। विज्ञापन से जुड़े एक सूत्र ने कहा, ₹बड़े पर्दे पर साथ काम करने के लिए सभी प्रयासों के बाद ऋतिक और सलमान एक एक्शन से भरपूर विज्ञापन के लिए साथ आए हैं। विज्ञापन फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर करेंगे और यह जल्द ही प्रसारित होगी।₹ काम के मोर्चे पर बात करें तो सलमान इन दिनों फिल्म 'सिकंदर' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म का टीजर सलमान के 59वें जन्मदिन पर यानी 27 दिसंबर को जारी किया जाएगा।



## सुकुमार ने 'गेम चेंजर' को बताया ब्लॉकबस्टर

दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता राम चरण पिछले लंबे समय से अपनी आगामी फिल्म 'गेम चेंजर' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म में उनकी जोड़ी अभिनेत्री कियारा आडवाणी के साथ बनी है। यह फिल्म 10 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। अब 'पुष्पा 2' के निर्देशक सुकुमार ने 'गेम चेंजर' की समीक्षा की है। उन्होंने दावा किया का इस फिल्म के लिए अभिनेता को राष्ट्रीय पुरस्कार मिलना चाहिए। अमेरिका में आयोजित एक कार्यक्रम में सुकुमार ने बताया कि उन्होंने राम चरण के पिता और अभिनेता चिरंजीवी के साथ 'गेम चेंजर' देखी। निर्देशक ने कहा, 'मैं आपको एक बात बताना चाहता हूं। मैंने चिरंजीवी सर के साथ 'गेम चेंजर' देखी थी। मैं पहली समीक्षा देना चाहता हूं। फिल्म का पहला भाग कमाल का था, इंटरवल ब्लॉकबस्टर...मेरा विश्वास करिए दूसरा भाग रोंगटे खड़े कर देने वाला है। मुझे उम्मीद है कि 'गेम चेंजर' के लिए राम चरण राष्ट्रीय पुरस्कार मिलेगा।'

### फिल्म में नजर आएंगे ये कलाकार

'गेम चेंजर' एक राजनीतिक एक्शन थ्रिलर है, जिसमें अंजलि, एसजे सूर्या, जयराम, सुनील, श्रीकांत, समुथिरकानी और नासर जैसे सितारे भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। विनय विद्या राम' के बाद यह कियारा और राम चरण के बीच दूसरा सहयोग है।

## रणवीर सिंह की फिल्म की शीर्षक से उठा पर्दा

अभिनेता रणवीर सिंह को पिछली बार फिल्म 'सिंघम अगेन' में देखा गया था, जिसमें वह जबरदस्त एक्शन करते नजर आए। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी। अब रणवीर एक एक्शन थ्रिलर फिल्म के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करते हुए दिखाई देंगे, जिसके निर्देशक की कमान यामी गौतम के पति आदित्य धर ने संभाली है। इस फिल्म का अमृतसर का शूटिंग शेड्यूल पूरा हो चुका है। अब आदित्य और रणवीर की फिल्म के शीर्षक से पर्दा उठ गया है।



### राकेश बेदी ने किया खुलासा

दरअसल, अभिनेता राकेश बेदी ने इंस्टाग्राम पर एक केक की तस्वीर साझा की हैं, जिसमें फिल्म का नाम 'धुरंधर' लिखा हुआ है। इस फिल्म में आर माधवन, अक्षय खन्ना, संजय दत्त और अर्जुन रामपाल भी नजर आएंगे। तमाम सितारों की केक पर तस्वीर दिख रही है। यह फिल्म भारतीय खुफिया एजेंसियों की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसमें रणवीर का एक नया अवतार देखने को मिलेगा। यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### आज अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों से मिलेंगे प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को प्रमुख अर्थशास्त्रियों और क्षेत्र के विशेषज्ञों से मिलेंगे। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि इस दौरान वह आगामी बजट के लिए उनके विचार और सुझाव लेंगे। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी, 2025 को लोकसभा में 2025-26 का बजट पेश करेंगी। अर्थशास्त्रियों और क्षेत्र के विशेषज्ञों के अलावा नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी और अन्य सदस्य भी बैठक में शामिल होंगे।

### तोड़फोड़ के बाद बढ़ाई गई अल्लू अर्जुन के घर की सुरक्षा

**हैदराबाद।** तेलुगू अभिनेता अल्लू अर्जुन के घर पर रविवार को हुई तोड़फोड़ की घटना के एक दिन बाद पुलिस ने अभिनेता के घर की सुरक्षा बढ़ा दी है। वहीं, अल्लू अर्जुन पर अब राजनीति भी शुरू हो गई है और विपक्षी दल ने तेलंगाना की सत्ताधारी कांग्रेस पार्टी पर इस घटना के लिए हमला किया है। रविवार शाम को ओस्मानिया यूनिवर्सिटी- ज्वाइंट एक्शन कमेटी के छह सदस्यों ने अल्लू अर्जुन के घर पर टमाटर फेंके थे और वहां रखे गमले तोड़ दिए थे। हालांकि, सोमवार को एक स्थानीय अदालत से सभी को जमानत मिल गई। इस बीच भाजपा की लोकसभा सदस्य डीके अरुणा ने दावा किया कि तोड़फोड़ करने वालों में से चार मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के विधानसभा क्षेत्र कोडंगल में रहते हैं। इस घटना की निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि इससे कांग्रेस की साजिश की बात सामने आती है।

### 5वीं, 8वीं में फेल होने वाले बच्चे नहीं होंगे प्रमोट

**नई दिल्ली।** 5वीं और 8वीं क्लास के एग्जाम में फेल होने वाले स्टूडेंट्स को अब पास नहीं किया जाएगा। केंद्र सरकार ने सोमवार को 'नो डिटेंशन पॉलिसी' खत्म कर दी है। पहले इस नियम के तहत फेल होने वाले स्टूडेंट्स को दूसरी क्लास में प्रमोट कर दिया जाता था। सरकार के नए नोटिफिकेशन के मुताबिक फेल होने वाले स्टूडेंट्स को 2 महीने के अंदर दोबारा परीक्षा देने का मौका दिया जाएगा। अगर वे दोबारा फेल होते हैं, तो उन्हें प्रमोट नहीं किया जाएगा, बल्कि जिस क्लास में वो पढ़ रहे थे उसी में दोबारा पढ़ेंगे। सरकार ने इसमें एक प्रावधान भी जोड़ा है कि 8वीं तक के ऐसे बच्चों को स्कूल से निकाला नहीं जाएगा। केंद्र सरकार की नई पॉलिसी का असर केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों और सैनिक स्कूलों सहित करीब 3 हजार से ज्यादा स्कूलों पर होगा। 16 राज्य और 2 केंद्र शासित प्रदेश (दिल्ली और पुडुचेरी) नो-डिटेंशन पॉलिसी पहले पहले ही खत्म कर चुके हैं।

### मणिपुर में एंग्लो-कुकी वॉर मेमोरियल के गेट के पास मिला बम

**चुराचांदपुर।** मणिपुर के चुराचांदपुर में सोमवार को एंग्लो-कुकी वॉर मेमोरियल के गेट के पास बम मिला। चुराचांदपुर के ही थांगजिंग इलाके की पहाड़ियों में तीन रॉकेट और अन्य हथियार बरामद हुए। मणिपुर पुलिस ने बताया कि 36 असम राइफल्स के जवानों ने बम को डिफ्यूज किया।

# 'किसी संपत्ति के समझौता डिक्री के लिए स्टाम्प ड्यूटी की जरूरत नहीं'

## सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

एजेंसी | नई दिल्ली

संपत्ति विवादों को सुलझाने वाले सिद्धांतों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ा फैसला सुनाया है। सर्वोच्च न्यायालय ने साफ किया कि किसी व्यक्ति को संपत्ति पर पहले से ही मौजूद अधिकारों की पुष्टि करने वाला समझौता डिक्री के लिए पंजीकरण अधिनियम 1908 के तहत पंजीकृत करना आवश्यक नहीं है। कोर्ट ने यह भी साफ किया कि इस तरह के मामले में भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 के तहत कोई स्टाम्प ड्यूटी नहीं लगाई जाएगी, क्योंकि यह कोई नया अधिकार नहीं बनाती है।




### क्या है पूरा मामला?

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने ये फैसला मुकेश बनाम मध्य प्रदेश राज्य और अन्य (केस नंबर 14808/2024) के मामले में दिया है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ एमपी हाई कोर्ट की इंदौर बेंच के फैसले के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी। हाईकोर्ट के फैसले में कलेक्टर ऑफ स्टैंम्प्स के फैसले को बरकरार रखा गया था, जिसमें अपीलकर्ता द्वारा समझौता कार्यवाही में संपत्ति को हासिल करने के लिए 6 लाख 67 हजार 500 रुपये की स्टाम्प शुल्क निर्धारित की गई थी। इसमें व्यक्ति के पास पहले से मौजूद अधिकार थे।

### अपीलकर्ता ने क्या की मांग?

यह मामला मध्य प्रदेश के धार जिले के खेड़ा गांव में एक जमीन के टुकड़े के लिए स्टाम्प ड्यूटी के भुगतान से जुड़ा है। अपीलकर्ता मुकेश ने जमीन को एक सिविल मुकदमे में समझौता डिक्री के माध्यम से अधिग्रहित किया था। 2013 में अपीलकर्ता ने इसके बाद एक सिविल कोर्ट में जमीन पर स्थायी निषेधाज्ञा की मांग करते हुए मुकदमा दायर किया। राष्ट्रीय लोक अदालत ने समझौता डिक्री के माध्यम से मुकदमे का समाधान किया।

# सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज रामासुब्रमण्यन बने एनएचआरसी के नए अध्यक्ष



एजेंसी | नई दिल्ली

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) वी. रामासुब्रमण्यन को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया है। साथ ही, प्रियांक कानूनगो और न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) बिद्युत रंजन सारंगी को आयोग का सदस्य नियुक्त किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। कानूनगो ने पुष्टि की कि उन्हें एनएचआरसी का सदस्य नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि उनके एनसीपीसीआर अध्यक्ष के रूप में कार्यकाल के दौरान उन्होंने बच्चों के संरक्षण कानूनों और नीतियों पर फोकस किया था, खासकर उन मामलों में जहां बच्चों का यौन शोषण या उत्पीड़न होता था। उन्होंने कहा, अब एनएचआरसी के सदस्य के रूप में मैं अपनी जिम्मेदारियों को निभाने की पूरी कोशिश करूंगा।

### कौन हैं वी .रामासुब्रमण्यन?

रामासुब्रमण्यन का तमिलनाडु के मन्नारगुडी में हुआ था। वह सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश हैं। वह हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश भी रहे हैं। इसके अलावा, वह मद्रास हाईकोर्ट और तेलंगाना हाईकोर्ट में न्यायाधीश रहे हैं। रामासुब्रमण्यन ने 29 जून 2023 को सुप्रीम से सेवानिवृत्ति ली। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने 102 फैसले लिखे। वह उन पीठों में सदस्य रहे, जिन्होंने 2016 की नोटबंदी नीति और रिश्वत मामलों में परिस्थितिजन्य साक्ष्यों की वैधता पर सुनवाई की थी।

### जून 2024 से खाली चल रहा एनएचआरसी अध्यक्ष का पद

सेवानिवृत्त जज अरुण कुमार मिश्रा ने जून 2021 में एनएचआरसी प्रमुख का कार्यभार संभाला था। इसके बाद 1 जून 2024 को उनका कार्यकाल समाप्त हुआ। इसके बाद से यह पद खाली चल रहा था।

# अवैध रूप से असम पहुंचे 22 बांग्लादेशी नागरिक

## स्थानीय व्यक्ति के घर में ली थी शरण, पुलिस ने किया गिरफ्तार

एजेंसी | गुवाहाटी

असम पुलिस ने अवैध रूप से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने के आरोप में दो अलग-अलग अभियानों में 22 बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार को इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने यह भी बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में पांच बच्चे भी शामिल हैं।

असम के दक्षिण सलमारा-मानकचार पुलिस ने 16 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए



लोगों में 7 पुरुष, 4 महिलाएं और 5 बच्चे शामिल हैं। ये लोग बंगलुरू से ट्रेन से गुवाहाटी पहुंचे थे। पुलिस के मुताबिक, पकड़े गए लोग दक्षिण सलमारा-मानकचार जिले की ओर जाने की योजना बना रहे थे। पुलिस को संदेह हुआ और जिसके बाद एक अभियान चलाकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

### पांच बच्चे भी शामिल

गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान जाकिर शेख, मोहम्मद महदी हसन, रुमाना अख्तर, मोहम्मद रिजवान हवलदार, जमाल शेख, ब्यूटी बेगम, मुन्नी बेगम, नुशरत जहां, रुस्तम शेख, रुबेल कुरैशी, चांद मियां के रूप में हुई है। इसके अलावा पांच बच्चे भी हैं। उन्होंने कहा कि पहले अभियान में असम पुलिस ने छह बांग्लादेशियों को भारत में घुसने की कोशिश करते हुए पकड़ा था। जिसके बाद उन्हें बांग्लादेश के अधिकारियों को सौंप दिया गया था।

# CISF जवानों को मिलेगी मनचाही तैनाती

एजेंसी | नई दिल्ली

सीआईएसएफ में तैनात जवानों को तैनाती से संबंधित बड़ा तोहफा मिलने जा रहा है। इसके लिए सीआईएसएफ ने तबादलता नियम में बड़ा बदलाव किया है। अब सीआईएसएफ जवानों, महिलाओं, जोड़े कर्मचारियों एवं दो साल में सेवानिवृत होने जा रहे कर्मचारियों को तैनाती में जगह चुनने की आजादी होगी। इसके लिए उन्हें तीन से लेकर 10 जगहों का चयन करना होगा। इनमें से जिस जगह संभव होगा, वहां उस कर्मचारी को प्राथमिकता के साथ तैनाती दी जाएगी। सीआईएसएफ के मुख्य प्रवक्ता श्रीकांत किशोर ने बताया कि सीआईएसएफ अधिनियम-1968 की धारा-15 के तहत बल के प्रत्येक सदस्य को भारत के भीतर या बाहर किसी भी स्थान पर तैनात किया जा सकता है। आखिरी बार वर्ष 2017 में तैनाती को लेकर नियम बने थे। इसके बाद से बल के आकार एवं तैनाती में काफी बदलाव आया है। खासतौर से महिला कर्मचारियों



की संख्या में काफी वृद्धि हुई है।
उन्होंने बताया कि प्रौद्योगिकी उपयोग, ड्रोन खतरे और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों के बढ़ने के साथ सीआईएसएफ को उभरती सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए लगातार नई तकनीक, कौशल और ज्ञान बढ़ाने की आवश्यकता है। इसे ध्यान रखते हुए 2017 के अराजपत्रित बल सदस्यों के तबादले संबंधित दिशा निर्देशों की समीक्षा कर उसे बदला गया है। इस बदलाव से सीआईएसएफ के 98 फीसदी कर्मचारियों को लाभ होगा।

### डोमेन विशेषज्ञ किए जाएंगे तैयार

पहली बार कम से कम 10 क्षेत्रों में डोमेन विशेषज्ञों का एक पूल बनाया जाएगा। ज्ञान और कौशल के उच्चतम स्तर से युक्त बल सदस्यों को कम से कम 10 क्षेत्रों जैसे सूचना प्रौद्योगिकी, विमानन सुरक्षा, प्रशिक्षण, युद्ध शिल्प, हथियार और रणनीति, एंटी-ड्रोन समाधान,श्वान (कैनाइन), अग्नि प्रबंधन आदि में डोमेन विशेषज्ञों के रूप में पहचान कर तैनात किया जाएगा।

### सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी

2 वर्ष के भीतर सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों को उनके द्वारा दिये गए 3 विकल्पों में से एक स्थान पर तैनाती दी जाएगी। उन्हें तबादले के आदेश जारी करने के दौरान रिक्तियों के आबंटन में पहली प्राथमिकता दी जाएगी। अभी सीआईएसएफ द्वारा सेवानिवृत होने से एक वर्ष पूर्व ही मनचाहे शहर में तैनाती मिलती है। इस आदेश से उन्हें बच्चों की शादी और सेवानिवृत्ति के बाद के मुद्दों को निपटाने की योजना बनाने में मदद मिलेगी।

# आठ जनवरी को होगी 39-सदस्यीय संसदीय समिति की बैठक

## 'एक देश-एक चुनाव' के प्रस्ताव पर होगी चर्चा

एजेंसी | नई दिल्ली

'एक देश-एक चुनाव' पर 39-सदस्सीय संसदीय समिति की पहली बैठक आठ जनवरी को होगी। इस बैठक में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एक साथ चुनाव कराने के लिए प्रस्ताव पर चर्चा करेगी। संसदीय सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि यह प्रारंभिक जानकारी देने वाली बैठक होगी। इस बैठक



में अधिकारी दो महत्वपूर्ण विधेयकों के बारे में जानकारी देंगे। ये विधेयक हैं- संविधान (129वां संशोधन) विधेयक और संघ राज्य क्षेत्र (कानून) संशोधन विधेयक। इन दोनों विधेयकों का मकसद लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ कराने के लिए जरूरी बदलाव करना है।

### समिति के सदस्यों की संख्या बढ़ाई गई

पिछले हफ्ते इन विधेयकों को लोकसभा में पेश किया गया था। शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को इन्हें संसदीय समिति के पास भेजा गया था। इस समिति की सदस्य संख्या 31 से बढ़ाकर 39 की गई है, क्योंकि कई राजनीतिक दलों ने इसमें शामिल होने की इच्छा जताई थी। भाजपा सांसद पी.पी. चौधरी को इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा, पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, पुरुषोत्तम रूपाला, मनीष तिवारी और कई पहले कार्यकाल के सांसद जैसे प्रियंका गांधी, बांसुरी स्वराज और संबित पात्रा भी इस समिति के सदस्य हैं।

# स्पैम कॉल रोकने में असफल रहने पर दूरसंचार कंपनियों पर 12 करोड़ का जुर्माना

## तिमाही समीक्षा के दौरान ट्राई ने पाया कि देश की प्रमुख चार कंपनियां स्पैम कॉल रोकने में रहीं असफल

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने देश की प्रमुख चार दूरसंचार कंपनियों पर स्पैम कॉल और मैसेज रोकने में नाकाम रहने के कारण 12 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना ट्राई द्वारा पहले भी लगाया गया था, लेकिन इस बार तिमाही समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि ये कंपनियां स्पैम कॉल्स और संदेशों को प्रभावी तरीके से रोकने में विफल रही हैं। अब तक इस जुर्माने की कुल राशि 141 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है।

ट्राई ने टेलीकॉम कमर्शियल कम्युनिकेशन कस्टमर प्रेफरेंस रेगुलेशन (टीसीसीसीपीआर) के तहत सभी कंपनियों पर यह जुर्माना लगाया है। पहले सालाना आधार पर समीक्षा की जाती थी, लेकिन इस बार सितंबर में सरकार ने तिमाही समीक्षा की



घोषणा की थी। ट्राई द्वारा पहली बार तिमाही समीक्षा में यह पाया गया कि दूरसंचार कंपनियां स्पैम कॉल्स और संदेशों को रोकने में सफल नहीं हो पाई हैं। इसके कारण ग्राहकों को लोकलुभावन संदेश भेजे जा रहे हैं, और गैर-पंजीकृत नंबरों से कॉल्स की जा रही हैं, जो टीसीसीसीपीआर का उल्लंघन है।

### दूरसंचार कंपनियों का तर्क


दूरसंचार कंपनियों का कहना है कि उन्होंने स्पैम कॉल्स को रोकने के लिए पर्याप्त निवेश किया है और इसके लिए जरूरी सिस्टम तैयार किया है। हालांकि, कंपनियों ने ट्राई से वॉट्सऐप जैसे ओवर-द-टॉप (ओटीटी) प्लेटफॉर्म, बैंकों और अन्य बिजनेस प्लेटफॉर्म पर भी स्पैम रेगुलेशन लागू करने का अनुरोध किया है। उनका तर्क है कि इन प्लेटफार्मों से भी स्पैम ट्रैफिक में महत्वपूर्ण योगदान मिल रहा है और इनका रेगुलेट करना आवश्यक है।

# विदेश में भारत के नागरिकों की रक्षा करेगा नया 'उत्प्रवास'

## संसद में बिल पेश करेगी सरकार

एजेंसी | नई दिल्ली

विदेशों में भारतीय नागिरका काफी संख्या में रहते हैं. जिनके लिए केंद्र सरकार एक बड़ा कदम उठाने जा रही है. भारतीय नागरिकों के रोजगार, उनकी सुरक्षित आवाजाही, सुरक्षा और कल्याण के लिए एक नियामक तंत्र स्थापित करने के उद्देश्य से सरकार एक नया उत्प्रवास विधेयक संसद में पेश करेगी. इस विधेयक को लेकर फिलहाल गृह मंत्रालय, वित्त मंत्रालय, विधि और न्याय मंत्रालय आदि के साथ बातचीत चल रही है. भारत और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) – सहयोग के आयाम विषय पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अध्यक्षता वाली विदेश मंत्रालय से संबंधित संसदीय समिति की 26वीं रिपोर्ट पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है.



### दोनों सदनों में पेश किया जाएगा बिल

संसद में बीते तीन दिसंबर 2024 को पेश रिपोर्ट के मुताबिक मंत्रालय ने समिति को बताया कि अंतर-मंत्रालयी परामर्श पूरा होने पर कैबिनेट नोट पर विदेश मंत्री की मंजूरी प्राप्त करने से पहले सार्वजनिक परामर्श और राज्य सरकारों के साथ परामर्श किया जाएगा. कैबिनेट नोट के अनुमोदन के बाद प्रक्रियागत जरूरतों को पूरा करने के बाद इसे संसद के दोनों सदनों में पेश करने के लिए आगे बढ़ाया जाएगा.

# 'हम चुप रहना पसंद करेंगे'

## सांसदों के धक्का मुक्की मामले में CISF का जवाब

एजेंसी | नई दिल्ली

संसद परिसर में सांसदों के बीच हुई धक्कामुक्की मामले में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। सोमवार को सीआईएसएफ ने कहा कि उसकी ओर से कोई चूक नहीं हुई है। हालांकि सांसदों के आरोप पर वह चुप रहना ही पसंद करेगा। बता दें कि संसद भवन परिसर की सुरक्षा का जिम्मा सीआईएसएफ के पास है। सीआईएसएफ के डीआईजी श्रीकांत किशोर ने कहा कि घटना के दौरान बल ने उचित तरीके से और तय प्रोटोकॉल के अनुसार काम किया। झड़प के समय सीआईएसएफ की ओर से




कोई चूक नहीं हुई। सीआईएसएफ के उप महानिरीक्षक (ऑपरेशन) श्रीकांत किशोर ने एक कॉन्फ्रेंस में कहा, ' सीआईएसएफ की तरफ से कोई चूक नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि चूक से आपका मतलब है कि कुछ हथियारों को अंदर जाने दिया गया है तो मैं आपको बता सकता हूं कि किसी भी हथियार को अंदर जाने की अनुमति नहीं गई।' किशोर ने कहा कि जब सांसद आरोप लगाएंगे तो बल चुप रहना पसंद करेगा। श्रीकांत किशोर ने कहा कि सीआईएसएफ 19 दिसंबर को संसद भवन परिसर के मकर द्वार पर हुई घटना की कोई जांच नहीं कर रहा है। बता दें कि संसद परिसर में विपक्ष और सत्तारूढ़ भाजपा सांसदों के बीच धक्का मुक्की के दौरान भाजपा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत घायल हो गए थे। इसके बाद भाजपा की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की।

### प्रोटोकॉल के मुताबिक नहीं होती सांसदों की जांच

श्रीकांत किशोर ने कहा कि संसद में आने वाले सभी सांसदों की जांच प्रोटोकॉल के मुताबिक नहीं की जाती है। इसी साल जून में संसद भवन परिसर की सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआईएसएफ को मिली थी। सीआईएसएफ के खिलाफ शिकायतों के सवाल पर किशोर ने कहा कि सांसद, परिसर में काम करने वाले कर्मचारी और आगंतुक काम से बहुत संतुष्ट और खुश हैं।

# पूर्व IAS पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज




एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को पूर्व IAS पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। पूजा पर UPSC एग्जाम में धोखाधड़ी और OBC और विकलांगता कोटे का गलत तरीके से फायदा लेने का आरोप है। UPSC की शिकायत के बाद दिल्ली पुलिस ने पूजा खेडकर के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का केस दर्ज किया था। पूजा ने गिरफ्तारी से बचने के लिए अग्रिम जमानत याचिका लगाई थी।

# सॉफ्टवेयर इंजीनियर बना डिजिटल अरेस्ट का शिकार

एजेंसी | बेंगलुरु

बेंगलुरु में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर को 'डिजिटल अरेस्ट' का शिकार बनाकर 11.8 करोड़ की ठगी की गई। पुलिस ने सोमवार को कहा कि जालसाजों ने खुद को पुलिस अधिकारी बताकर दावा किया था कि उसके आधार कार्ड का दुरुपयोगमनी लॉन्ड्रिंग के लिए बैंक खाते खोलने में हो रहा है। इसके बाद धमकाकर उससे पैसे हड़प लिए। धोखाधड़ी को 25 नवंबर से 12 दिसंबर के बीच अंजाम दिया गया। दरअसल, 'डिजिटल अरेस्ट' ठगी का तरीका है। पीड़ित ने शिकायत में आरोप लगाया कि 11 नवंबर को उसे एक व्यक्ति का फोन आया जिसने खुद



को भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण का अधिकारी बताया। पीड़ित ने दावा किया कि उसका सिम कार्ड, जो आधार कार्ड से जुड़ा था का दुरुपयोग किया गया था। बाद में उसे पुलिस अधिकारी होने का दावा करने वाले व्यक्ति का फोन आया जिसने दावा किया कि मनी लॉन्ड्रिंग के लिए बैंक खाते खोलने के लिए उसके आधार कार्ड का दुरुपयोग किया जा रहा है। जालसाज ने उसे धमकी भी दी कि अगर उसने वर्चुअल जांच में सहयोग नहीं किया, तो उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इसके बाद उसे एक अन्य व्यक्ति का फोन आया और उनसे स्काइप एप डाउनलोड करने के लिए कहा गया। इसके बाद मुंबई पुलिस की वर्दी पहने व्यक्ति ने वीडियो काल कर दावा किया कि एक कारोबारी ने छह करोड़ रुपये के लेनदेन के लिए उसके आधार का उपयोग करके बैंक खाता खोला है। शिकायतकर्ता के अनुसार 25 नवंबर को पुलिस की वर्दी में एक अन्य व्यक्ति ने उसे स्काइप पर कॉल कर कहा कि इस मामले की सुनवाई शीर्ष अदालत में हो रही है।